हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 29.4 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री


आदर्श दुर्गोत्सव समिति द्वारा अरपा नदी किनारे बनाए गए दुर्गा पंडाल में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़।

## खबर संक्षेप

### जपजी साहिब का अखंड पाठ आज से

**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक दरबार में 40 दिवसीय 5 जपजी साहेब का अखंड पाठ 26 सितंबर को शाम छह बजे से भाई साहेब जसकीरत सिंह द्वारा किया जाएगा। इस पाठ में शहर के अनेक श्रद्धालु इसमें अपनी सेवाएं देकर श्रद्धा एवं आस्था के साथ जपजी पाठ करेंगे। वहीं श्रद्धालुओं के साथ मिलकर सुबह सुखमनी साहिब का भी पाठ किया जाएगा।

### बिजली बंद कर शिफ्टिंग उपभोक्ता परेशान



**बिलासपुर।** मगरपारा चौक और मरीमाई सड़क पर इन दिनों बिजली का खंबा हटाया जा रहा है। एक हफ्ते से यहां बिजली विभाग खंबे हटाने का काम कर रहा है, इस दौरान बिजली बंद कर शिफ्टिंग की जा रही है। शुक्रवार को भी सड़कों पर बेतरतीबी से रखे गए खंबे हटाए गए। इस दौरान क्षेत्र की बिजली बाधित रही। घंटों बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### नाली साफ कर मलबा छोड़ दिया



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक से मंगला रोड पर नालियों की साफ सफाई की गई। इस दौरान सालों से नालियों में पड़ा मलबा एक बार फिर सड़कों पर रख दिया गया। गाद निकालने के लिए नगर निगम की गाड़ियों को लगाया गया था, लेकिन सड़क पर गाद रखने के कारण हर आने-जाने वालों की गाड़ियां रूकती रही और जाम लगता रहा। सड़क पर पड़े गंदगी के कारण लोगों को राह बदलकर चलने को मजबूर होना पड़ा।

### सिम्स परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान अधिष्ठाता डॉ.रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के मार्गदर्शन तथा दिशा-निर्देश में संचालित हुआ। अभियान के दौरान संस्थान के डॉ.एआर बेन, डॉ.मधुमिता मूर्ति, डॉ.हेमलता ठाकुर, डॉ.आशुतोष कोरी, डॉ.समीर पैकरा, नर्सिंग स्टाफ स्वाति कुमार सरिता बहादुर, पिंकी दास, उज्जवला दास, कमलेश दीवान, आशुतोष शुक्ला, छात्र-छात्राओं एवं अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए सिम्स परिसर में व्यापक रूप से सफाई कार्य किया।

### कुत्ते बिल्लियों को लगेगा मुफ्त में टीका

**बिलासपुर।** रजत जयंती महोत्सव एवं विश्व रेबीज दिवस अंतर्गत पशुधन विकास विभाग बिलासपुर द्वारा कुत्तों व बिल्लियों में निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण का आयोजन किया गया है। शहर के सिटी कोतवाली थाने के समीप स्थित शासकीय जिला पशु चिकित्सालय में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुफ्त में टीका लगाया जाएगा। इसके लिए डॉ. ज्योत्स्ना दुबे और डॉ. तन्मय ओत्तलवार से संपर्क किया जा सकता है। संयुक्त संचालक वेटेरिनरी विभाग डॉ. जीएस तंवर ने बताया कि 26 सितंबर को चुनिंदा स्कूलों में रेबीज के बारे में विभाग द्वारा जनजागरुकता भी फैलाई जाएगी।

# 20 एकड़ में पहली बार निगम स्वयं मकान बनाएगा बेचेगा भी, गार्डन और व्यावसायिक परिसर भी बनेंगे

*यह मकान ईडब्ल्यूएस स्तर के साथ एलआईजी और एमआईजी स्तर के होंगे कीमत 7 लाख तक*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के चांटीडीह मेलापारा में 20 एकड़ जमीन पर 150 करोड़ का प्रोजेक्ट लांच किया जाएगा। इस जगह पर निगम सुनियोजित हाउसिंग प्रोजेक्ट, गार्डन और व्यवसायिक परिसर से बनाया जाएगा। यहां पहली बार निगम स्वयं मकान बनाएगा और बेचेगा। यह मकान ईडब्ल्यूएस स्तर के साथ ही एलआईजी और एमआईजी स्तर के होंगे। इनकी कीमत 5 से 7 लाख रुपए के बीच हो सकती है। निगम का मानना है कि इस योजना से न केवल इलाके का विकास होगा, बल्कि आम लोगों को प्राइवेट कॉलोनियों की तुलना में कम कीमत पर बेहतर आवास उपलब्ध होंगे। इसे पीपीपी मोड पर बनाने के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है।

- **शहर के चांटीडीह-मेलापारा में पीपीपी मोड पर योजना के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया**

गौरतलब है कि चांटीडीह मेलापारा में अवैध कब्जा कर रह रहे 700 लोगों को निगम ने हटाया था। इन लोगों को अशोकनगर के अटल आवास में शिफ्ट भी कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान निगम को भारी विरोध का सामना भी करना पड़ा था। नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि चांटीडीह मेलापारा में बेजा कब्जा में बसे लोगों को खमतराई, बहतराई में बने प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट करने के लिए प्रक्रिया दो साल पहले से चल रही है। 400 परिवार पहले ही सरकारी आवास में शिफ्ट हो चुके हैं और मौके से 742 मकानों को हटाया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास के लिए उन्हें 4.75 लाख की लागत से बने पक्के मकानों में शिफ्ट किया गया है।


चांटीडीह के पास खाली नगर निगम की जमीन।

**भेजा गया है प्रस्ताव**

शहर के चांटीडीह मेलापारा में सुनियोजित हाउसिंग प्रोजेक्ट, गार्डन और व्यवसायिक परिसर बनाया जाएगा। यह मकान ईडब्ल्यूएस स्तर के साथ ही एलआईजी और एमआईजी स्तर के होंगे। इनकी कीमत 5 से 7 लाख रुपए के बीच हो सकती है। इसे पीपीपी मोड पर बनाने के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम

### आवास के साथ उद्यान और बाजार बनेंगे

अपर आयुक्त का कहना है कि चांटीडीह, मेलापारा के अतिक्रमणकारियों को पक्के मकानों में शिफ्ट करने के लिए उन्हें विधिवत अशोक नगर, खमतराई, बहतराई में आवास आवंटित किया जा चुका है। इसके बावजूद बहुत से लोग शिफ्टिंग नहीं करते हुए वहीं रह रहे थे। उन्होंने बताया कि खाली कराई गई जगह का उपयोग प्रधानमंत्री आवास, उद्यान निर्माण, बाजार आदि विकसित करने में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सभी 742 मकानों को हटाने तक जारी रहेगी, इसमें 3-4 दिन लग सकते हैं।

### झोपड़ी मुक्त शहर की ओर एक कदम

निगम के मुताबिक चांटीडीह ईरानी मोहल्ला की पहचान अब झोपड़ियों से नहीं, बल्कि सुनियोजित हाउसिंग प्रोजेक्ट, गार्डन और व्यवसायिक परिसर से होगी। शहर को झोपड़ी मुक्त बनाने और क्षेत्र का विकास करने के उद्देश्य से इन अवैध झोपड़ियो पर बुलडोजर चलाया गया और अब विकास की योजना बनाई गई है। नए मकान व काम्प्लेक्स निर्माण के साथ ही पक्की सड़क बनाई जाएगी।

## झुग्गी झोपड़ी व कई मोहल्लों में देर शाम से शुरू होती है हुकिंग

# शहर में हुकिंग की भरमार, ग्रामीण क्षेत्रों का हाल बेहाल, अफसरों को नहीं नजर आ रही बिजली चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के कई जुग्गी झोपड़ी व मोहल्ले में हुकिंग कर बिजली चोरी की जा रही है। बिजली की चोरी ट्रांसफार्मर खराब होने, बार बार बिजली बंद होने का कारण बनती है। इसके बावजूद विभाग के अधिकारियों को चोरी नजर नहीं आ रही है। शाम होते ही हुकिंग के कारण बिजली लोड बढ़ जाता है और लाइन लॉस का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि इससे कई बार हुकिंग करते हुए लोगों की जान भी जाती है। हाल ही में कोर्ट ने भी हुकिंग पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं।

शहर की गलियों में शाम होते ही हुकिंग हो रही है। झुग्गियों व मोहल्लों में विभागीय कार्रवाई पूरी तरह बंद है, जिसके परिणामस्वरूप बिजली बंद होने और ट्रांसफार्मर खराब होने की नौबत आती है। खास बात यह है कि अस्थाई तरीके से लगाई गई इन बिजली तारों से कई बार करंट लगाने का अंदेशा भी होता है और कई बार लोगों को जान तक गंवानी पड़ी है लेकिन इसके बा व जू द हुकिंग जारी है। विभाग की लाइन लॉस रोकने की कवायद महज कागजों तक ही सीमित है। इसका सीधा असर बिजली के लोड पर पड़ रहा है और लो वोल्टेज की समस्या का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है।

- **कनेक्शन के साथ मीटर देने की योजना भी ठप**

मिनी बस्ती, संजय नगर, तालापारा, करबला रोड, ढेढा डबरी, दयालबंद, कतियापारा और अरपा नदी के किनारे बने कई मोहल्लों में बेधड़क हुकिंग होती है। सबसे खराब हालत ग्रामीण क्षेत्रों की है, जहां बिजली चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है।हाल ही में हाईकोर्ट ने अस्थाई तौर पर लगाई जाने वाली बिजली केबल और हुकिंग पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। अगली सुनवाई तक बिजली विभाग को रिपोर्ट सौंपना होगा।


तालापारा में फैला तारों का जाल।

### की जाएगी संयुक्त कार्रवाई

बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए हमने निर्देश दिए हैं। सभी प्रकरणों में धारा 135 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेजने के लिए कहा गया है। जिन क्षेत्रों में हुकिंग अधिक है, वहां संयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

-ए के अम्बस्ट, चीफ इंजीनियर

### विजिलेंस की टीम नदारद

जोन व विजिलेंस की टीम बिजली चोरी पर कार्रवाई करती है लेकिन सालों से ऐसी संयुक्त कार्रवाई पर लगाम लग चुकी है। इसकी नतीजा है कि बिजली चोरी बे लगाम है। विभाग कई जगहों पर केबलिंग कर इसे रोकने का प्रयास कर रहा है लेकिन यह नाकाफी है। विजिलेंस की टीम महज एचटी कनेक्शन और बड़े बिजली उपभोक्ताओं पर ही कार्रवाई करती है, जबकि हुकिंग पर विभागीय अधिकारियों की नजर नहीं है। सूत्रों के अनुसार बिजली चोरी के प्रकरण बनाते समय कई बार विवाद की स्थिति होती है, और मामला थाने तक पहुंच जाता है, विभागीय अधिकारी इसलिए कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

# अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों से 56 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग घटनाओं में मुनाफा कमाने का झांसा देकर तीन लोगों से 56 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, इमलीपारा गली नम्बर 3 निवासी जितेंद्र शर्मा पिता लोकेनद्र शर्मा 40 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे



पुणे स्थित एक आईटी कंपनी में कार्यरत हैं और पारिवारिक कारणों से बिलासपुर आए हुए हैं। 28 जुलाई 2025 को उनके वाट्सएप नम्बर पर सानिका गोखले नामक महिला द्वारा ट्रेडिंग से जुड़े संदेश आने लगे। कई दिनों बाद उन्होंने जवाब दिया, जिसके बाद डीमैट एकाउंट खोलने और शेयर ट्रेडिंग में निवेश का लालच दिया गया। मोबाइलधारक ने खुद को एंजल वन कंपनी से जुड़ा हुआ बताकर झूठे दस्तावेज और फर्जी रजिसट्रेशन नम्बर दिखाए। श्री शर्मा ने उसके कहने पर विभिन्न खातों और जीपे/आरटीजीएस के माध्यम से कई किश्तों में राशि जमा की। शुरूआत में निवेश पर लाभ दिखाकर और अधिक रकम जमा करने के लिए बार बार नए बहाने बनाए गए। धीरे धीरे जालसाजों के द्वारा उनसे 36 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिया। उन्होंने पैसे निकालने की प्रक्रिया शुरू की तो जालसाजों ने 15 प्रतिशत ब्रोकरेज और 22 प्रतिशत टैक्स के नाम पर और रकम मांग की। संदेह होने पर उन्होंने हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने श्री शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 5, 318, 4 व 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जड़ी बूटी के धंधे में मुनाफा का लालच देकर 18 लाख की ठगी

रतनपुर पुलिस के अनुसार, बड़ी बाजार निवासी नूतन तम्बोली पिता स्व. प्रमोद तम्बोली 24 साल ने रिपोर्ट लिखाई। इसके अनुसार कुम्हारपारा रतनपुर निवासी अताउल मुस्तफा, उसके छोटे भाई रजाउल मुस्तफा पिता सलीम रिजवी ने उन्हें व उनके भाई आर्यन तम्बोली को मार्च 2023 में वनोषधि की खरीदी बिक्री का लाइसेंसी काम बताकर साझेदारी करने का प्रस्ताव रखा और अच्छा मुनाफा देने का लालच दिया। श्री तम्बोली ने 26 मार्च 2023 को 8 लाख 10 हजार रुपए नकद दिया। इसके बाद विभिन्न तिथियों में बैंक खातों यूपीआई के माध्यम से 7 लाख 69 हजार रुपए ट्रांसफर किया गया था। आर्यन तम्बोली के द्वारा उन्हें बैक खाते के माध्यम से 2 लाख 25 हजार रुपए दिए। इस तरह से दोनों भाइयों से 18 लाख 2 हजार 300 रुपए लेकर बहाने बनाने लगे। न तो उन्हें मुनाफा दिया और न ही मूलधन वापस किया गया है। अब उनका फोन भी नहीं उठा रहे हैं।

### मुनाफा कमाने का झांसा देकर 2 लाख 19 हजार की ठगी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नगर निगम कालोनी महाराणाप्रताप चौक निवासी गौरांग मिश्रा पिता विनोद कुमार मिश्रा 29 साल ने रिपोर्ट खिलाई। 23 सितंबर को दोपहर 3 बजे उन्होंने बिटक्वाइन वेबसाइट में जाकर ब्रोकर हरमन राम का मोबाइल नम्बर निकालकर उनसे संपर्क किया। उन्होंने बताया इसमें इंवेस्ट करो, हरमन राम के कहने पर उन्होंने यूपीआई आईडी में 91 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद उन्हें कहा गया उक्त रकम फंस गई है। उसे निकालने के लिए उनसे 1 लाख 28 हजार रुपए ट्रांसफर कराया गया। उसके बाद भी उनका पैसा वापस नहीं आया। उसके बाद उनका फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है, तब उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ।

## 6 अक्टूबर को जुटेंगे पार्षद, 29 सितंबर तक मंगाए गए प्रश्न

# नगर निगम में 6 माह बाद होगी सामान्य सभा, एजेंडा जारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में साधारण सम्मेलन के लिए गुरुवार को सूचना के साथ एजेंडा जारी हो गया है। पार्षदों से 29 सितंबर तक सामान्य सभा के लिए प्रश्न मंगाए गए हैं।

प्रश्नों की 30 सितंबर को लॉटरी निकाली जाएगी। निगम में पूरे 6 महीने बाद सामान्य सभा होने जा रही है। यह नव निर्वाचित बाडी की दूसरी सामान्य सभा है।निगम में इससे पूर्व 15 अप्रैल को सामान्य सभा हुई थी, जिसमें बजट पास हुआ था। निगम सचिव कार्यालय से सामान्य सभा के लिए विधिवत सूचना गुरुवार को जारी कर दी गई है। 6 अक्टूबर को सामान्य सभा दोपहर 12 बजे पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित होगी। इसके लिए आज एजेंडा भी जारी कर दिया गया है।

निगम क्षेत्रों में विकास, निर्माण कार्यों एवं अन्य विषयों सहित 38 विषय शामिल किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नगर निगम में सामान्य सभा के लिए पूर्व में सभापति विनोद सोनी और विपक्षी कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने पत्र लिखा था। उन्होंने नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 का उल्लेखित प्रावधानों के तहत प्रत्येक दो माह के अंतराल में साधारण सम्मेलन बुलाने की बात कही थी। इसके साथ ही आम नागरिकों के महत्वपूर्ण विषय तथा मूलभूत नागरिक सुविधा, नगर विकास के स्वीकृति के लिए विचाराधीन प्रकरण और छात्र-छात्राओं के जाति संबंधी लंबित प्रकरणों का हवाला दिया था। सभापति सामान्य सभा बुलाने तीन बार पत्र लिख चुके थे। उन्होंने पहला पत्र 27 मई को लिखा था, उसके बाद जून माह में 12 व 20 जून को दो पत्र लिखा था। उन्होंने भी अपने पत्र में नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 27 में निहित प्रावधानों का उल्लेख करते हुए प्रत्येक दो माह के अंतराल में सामान्य सभा की बैठक किए जाने की बात कही थी।

### कांग्रेस शासनकाल में एक साल तक नहीं हुई थी सामान्य सभा

नगर निगम में पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में कांग्रेस सत्ता में थी और पूरे कांग्रेस शासनकाल में निगम में सामान्य सभा को लेकर खींचतान चलती रही। कांग्रेस के समय 29 फरवरी 2024 को अंतिम सामान्य सभा हुई थी। कांग्रेस के पार्षदों ने नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा-30 के प्रावधानों का हवाला देते हुए मांग की थी कि महापौर को अध्यक्ष के असमर्थ होने पर स्वास्थ्यगत कारण से यह शक्ति प्राप्त है कि एक तिहाई पार्षदों के पत्र पर विशेष सम्मेलन, सामान्य सभा आयोजित किया जा सकता है। कांग्रेस के पार्षदों ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र भी तत्कालिन महापौर को दिया था। इस तरह कांग्रेस महापौर और पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया और सालभर सामान्य सभा नहीं हो पाई थी।

# मौसम का यू-टर्नः4 दिनों तक होगी रूक-रूक कर बारिश, अलर्ट जारी

**बिलासपुर।** मौसम ने यू-टर्न ले लिया है, जाते-जाते झमाझम बारिश की सौगत मिल रही है लेकिन इस दौरान अचानक बारिश होने और फिर धूप छांव की स्थिति भी सामने आ रही है। इस बीच मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर चेताया है कि अगले 4 दिनों तक इसी प्रकार की स्थिति रहेगी। पिछले 24 घंटें में 14 मिमी बारिश हो चुकी है।

प्रदेश में अगले दो दिनों तक भारी से अति भारी वर्षा की संभावना है। पिछले 24 घंटों में कई हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। बिलासपुर संभाग में भी इससे अछूता नहीं है। 24 घंटे के दौरान 14 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि लौटते हुए मानसून की बारिश लोगों को भींगने को मजबूर कर रही है। जहां बुधवार को झमाझम बारिश होती रही, वहीं गुरूवार की सुबह से ही मौसम साफ रहा और धूप निकली। इस दौरान दोपहर को एक बार फिर उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। खास बात यह है कि शाम 5 बजे के बाद फिर से मौसम सुहाना हो गया और बिजली चमकती रही हालांकि इस दौरान बारिश नहीं हो सकी। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी उड़ीसा और बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव क्षेत्र बन चुका है।

## ख़बर संक्षेप

### नगर विधायक अमर का मनाया गया जन्मदिन



**बिलासपुर।** नगर विधायक पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन माननीय अमर अग्रवाल के जन्मदिन पर फूल मालाओं से लादकर भव्य रूप से स्वागत कर जन्मदिन मनाया गया इस अवसर पर श्याम साहू पार्षद, प्रवीण दुबे जिला भाजपा अध्यक्ष, अशोक मिथुन प्रचार प्रभारी भाजपा, अमित तिवारी पार्षद, अंचल दुबे पार्षद, अरविंद बोलर पूर्व मंडल अध्यक्ष, महर्षि बाजपेई मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, रोशन सिंह युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, राजेश पाण्डेय, हरीश राठौर, बबलू हरियाणी, शरद यादव, विवेक ताम्रकार, खोभराम साहू इत्यादि उपस्थित थे।

### एसईसीएल ने अरपा के घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**बिलासपुर।** स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव अभियान अंतर्गत एसईसीएल ने 1 घंटा 1 दिन 1 साथ गतिविधि के तहत अरपा नदी के छठ घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। लगातार पांचवें वर्ष आयोजित इस पहल में एसईसीएल परिवार के करीब 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सीएमडी हरीश दुहन के नेतृत्व एवं अधिकारियों की उपस्थिति में टीम एसईसीएल ने अरपा नदी तट को साफ-सुथरा बनाने सफाई अभियान चलाया। स्वयं सेवकों ने घाट परिसर से कचरा एकत्र कर बैग्स में भरा, प्लास्टिक बोतलें और अन्य अपशिष्ट हटाए। एक घंटे की इस सामूहिक मेहनत से न केवल घाट का स्वरूप निखरा, बल्कि स्थानीय लोगों को स्वच्छता का सशक्त संदेश भी मिला। सीएमडी श्री दुहन ने कहा कि एसईसीएल केवल उत्पादन ही नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी में भी अग्रणी है। स्वच्छता अभियान हमें यह सिखाता है कि जब हम सब एक साथ आते हैं, तो सकारात्मक बदलाव अवश्य संभव है। अरपा नदी के प्रति यह हमारी आस्था और जिम्मेदारी दोनों है। इस अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा है का नारा लगाते हुए सामूहिक रूप से स्वच्छ और स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाने का आव्हान किया। एसईसीएल का यह प्रयास न केवल नदी और घाट की स्वच्छता तक सीमित है, बल्कि समाज में जन-जागरूकता और नागरिक उत्तरदायित्व को भी प्रोत्साहित करता है।

### एनएसएस के स्वयंसेवक लोकेश को राज्य स्तरीय सम्मान



**बिलासपुर।** सीएमडी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सक्रिय स्वयंसेवक लोकेश ओंगरे को समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनकल्याणकारी कार्यों में उत्कृष्ट योगदान हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।यह सम्मान राजधानी रायपुर पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा , विभागीय अधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे संस्थान और जिले के लिए गौरव की बात है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी समाज सेवा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति और अधिक प्रेरणा मिलेगी।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सदस्य अमन दुबे ने रायपुर जाकर यह सम्मान प्राप्त किया। स्वयंसेवक के साथ प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय सिंह भी उपस्थित रहे ।

### सिम्सः कॉलेज व अस्पताल में मनाया गया विश्व फार्मेसिस्ट डे



**बिलासपुर।** सिम्स मेडिकल कालेज और अस्पताल में 25 सितंबर को विश्व फार्मेसिस्ट डे बनाया गया। कार्यक्रम में डॉ रमणेश मूर्ति, अधीक्षक लखन सिंह, डा समीर, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमरू साहू, दिनेश निर्मलकर, प्रमोद यादव उपस्थित रहे। इस दौरान डीन डॉ मूर्ति ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा को मजबूत आधार प्रदान नहीं करते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए जनसेवक भी हैं। सुरक्षित दवों को मरीजों को उपलब्ध कराते हैं। अधीक्षक लखन सिंह ने कहा फार्मासिस्ट अपनी निष्ठा, सेवा भाव और क्षमता से ज्यादा करते है, समाज के प्रति हर वर्ग को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचते हैं। इस दौरान रमाशंकर साहू विमल वर्मा, सूरज, तोताराम जायसवाल, केदार, अर्जुन सिदार सहित फार्मासिस्ट व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### महिलाओं को दिया जाएगा निःशुल्क नर्सिंग, सिलाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत निःशुल्क नर्सिंग, सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं, युवाओं एवं लड़कियों को शासन द्वारा पंजीकृत प्रशिक्षण केंद्र में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद राज्य सरकार द्वारा उत्तीर्ण हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र देकर उन्हें रोजगार एवं स्व-रोजगार से जोड़ा जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 29 सितंबर तक आवेदन जमा कर सकते हैं। यह जानकारी युवा विकास एवं जनकल्याण संस्थाविक्रांत भवन राजीव गांधी चौक ने दी।

**कैसे होगा कीट पालन** | प्लांटेशन के लिए नहीं मिल रही जमीन

# आठ साल से जमीन तलाश रहा रेशम विभाग, 45 हेक्टेयर का प्रस्ताव फिर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




कीट पालन के लिए प्लांटेशन करने रेशम विभाग पिछले आठ सालों से जमीन की तलाश कर रहा है। अपेक्षित जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण विभाग का कार्यक्षेत्र लगातार सीमित होता गया है। विभाग द्वारा तखतपुर ब्लॉक के कुआं ग्राम पंचायत में 45 हेक्टेयर रिक्त शासकीय भूमि कीट पालन के लिए उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

रेशम कीट पालन से कोसा उत्पादन को लेकर समूहों में जागरूकता तो है, लेकिन इसके विस्तार को लेकर अपेक्षित प्रयास नहीं होने के कारण विभाग का कामकाज जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। जिले में रेशम विभाग के पास फिलहाल 392 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है, जहां प्लांटेशन कर कीट पालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लमेर में 52 हेक्टेयर, गोबन में 26, खैरा में 8 व पंडारी में 20 हेक्टेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों में कीट पालन किए जा रहे हैं। विभाग को बीते वर्ष 39 लाख कोकून उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरूद्ध 40 लाख का उत्पादन करते हुए हैंण्डलूम संचालित करने वाले समूहों को कोकून का वितरण किया गया था। शासन द्वारा कीट पालन करने वाले समूहों से खरीदी करने के लिए पांच रूपए प्रति कोकून की एमएसपी भी निर्धारित की गई है, ताकि उन्हें कोकून बेचने के लिए मार्केट में भटकने की जरूरत न हो। दिक्कत यह है कि जिले में रेशम विभाग का कार्यक्षेत्र बढ़ाने के लिए शासन द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं कराया जाना दुखद पहलू है। जिले को पिछली बार वर्ष 2016-17 में प्लांटेशन के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई थी, उसके बाद आज दिनांक तक विभाग भूमि की उपलब्धता के लिए प्रयास ही कर रहा है।

#### 65 प्रतिशत पद रिक्त

रेशम विभाग की गतिविधियां अन्य विभाग की भांति कहीं नजर ही नहीं आती हैं। इसके पीछे शासन के उदासीन रवैए को भी एक बड़ा कारण माना जा सकता है। विभाग में कर्मचारियों के लिए स्वीकृत कुल सेटअप में से 65 प्रतिशत स्टाफ नहीं हैं। केवल 35 प्रतिशत स्टाफ से ही विभाग का कामकाज पूरा किया जा रहा है।

#### नहीं हो पा रहा प्लांटेशन

भूमि की उपलब्धता के अभाव में विभाग नए प्लांटेशन नहीं कर पा रहा है। प्लांटेशन ही नहीं होंगे तो कीट पालन कैसे किया जा सकेगा? तखतपुर ब्लॉक के कुंआ गांव में रिक्त शासकीय भूमि में से 45 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा जाना प्रस्तावित है।

**-भजन लाल उईके,** सहायक संचालक रेशम

पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर की गई कार्यशाला आयोजित

# पं. दीनदयाल के जीवन का दर्शन व्यक्ति के लिए है आवश्यकः चौधरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी, विशिष्टजन सम्मान एवं आत्मनिर्भर भारत पर कार्यशाला का आयोजन भारतीय जनता पार्टी ने लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त वाणिज्यकर मंत्री ओपी चौधरी ने कि पं. दीनदयाल के जीवन का दर्शन व्यक्ति के लिये बहुत जरूरी है। हमारी सरकार केन्द्र व राज्य में चल रही है यह पं.दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा पर चल रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दार्शनिक, समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री एवं राजनीतिज्ञ थे। इनके द्वारा प्रस्तुत दर्शन को एकात्म मानववाद कहा जाता है, जिसका उद्देश्य एक ऐसा स्वदेशी सामाजिक-आर्थिक मॉडल प्रस्तुत करना था। उन्होंने एक वर्गहीन, जातिहीन और संघर्ष मुक्त सामाजिक व्यवस्था की कल्पना की थी। । श्री चौधरी ने जीएसटी पर अपने विचार रखते हुए कहा कि 2.0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। बड़े से बड़े निर्णय प्रधानमंत्री ले सकते हैं।

जीएसटी जब से आया है सारी प्रक्रिया आसान हो गई है। देश की आजादी के बाद 66 लाख देश में रजिट्रेशन थे। 2017 के बाद जब जीएसटी आया तक देश में 85 लाख नए रजिस्ट्रेशन हुए। 2025 तक अर्थ व्यवस्था का साईज काफी बढ़ा है, विकास काफी आगे बढ़ा है।

#### जयंती पर की गई संगोष्ठी



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती के अवसर पर प्रार्थना सभा भवन में संगोष्ठी और आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धान्त ही हमारी विचारधारा है, जिसके लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश के गरीब, पिछड़े और वंचित वर्गों की चिंता को राजनीति का केंद्र बनाया। प्रधानमंत्री इन्हीं विचारों पर कार्य कर रहे हैं।

#### चलाया गया स्वच्छता अभियान



पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी जिला शहर के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान व्यापार विहार एवं श्रीकांत वर्मा मार्ग पर स्थापित पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया व श्रमदान कर उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि पं. दीनदयाल का विचार ही था, जिसे प्रधानमंत्री ने आवास योजना, आयुष्मान योजना, जल जीवन योजना के माध्यम से धरातल पर उतारा। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए आमजन के लिए सेवा कार्य करना ही हमारा उद्देश्य है।

## बिजनेस प्लस

### स्वर्ण शिखर प्रीमियम अपार्टमेंट्स को मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स



**बिलासपुर।** एएसए स्टेट के नए आवासीय प्रोजेक्ट स्वर्ण शिखर का लांच शहर में भारी उत्साह और जबरदस्त रिस्पॉन्स के साथ हुआ। यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से शहर के निवासियों के लिए तैयार किया गया है, जहां लोगों को 3बीएचके फ्लैट 2बीएचके की कीमत में मिलेगा। पहले 11 ग्राहकों के लिए बुकिंग पर 10 ग्राम सोने का सिक्का उपहार में दिया जा रहा है। स्वर्ण शिखर सरकंडा में डीएलएस पीजी फ़ार्मेसी कॉलेज के पास, अशोक नगर चौक से सिर्फ़ 5 मिनट की दूरी पर, 80 फीट चौड़ी मुख्य सड़क पर स्थित है। यह लोकेशन रहने और निवेश दोनों के लिए बेहद सुविधाजनक है। इसमें आधुनिक सुविधाएँ

प्लंज पूल, पोडियम गार्डन, बच्चों के खेलने की जगह, वॉकिंग ट्रैक, ईवी चार्जिंग प्वाइंट, फायर सेफ्टी, सिक्योरिटी कैबिन और सीसीटीवी, 24 घंटे पावर बैकअप और अन्य है। एएसए स्टेट का मानना है कि स्वर्ण शिखर केवल रहने के लिए ही नहीं, बल्कि निवेश के लिए भी एक शानदार मौका है। इसकी बुकिंग के लिए लोग डीएलएस पीजी फ़ार्मेसी कॉलेज के पास, डीपी लॉ कॉलेज रोड, अशोक नगर सरकंडा, अशोक नगर में संपर्क कर सकते हैं।

### न्यू जेनरेशन फैमिली स्टोर की मनाई गई दूसरी वर्षगांठ

**बिलासपुर।** सीएमडी चौक बिलासपुर स्थित न्यू जेनरेशन फैमिली स्टोर की द्वितीय वर्षगांठ उपस्थित सदस्यों ने बहुत ही धूमधाम से मनाई। इस मौके पर कई कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के सदस्यों की बहुत ही उत्कृष्ट भूमिका रही। प्रिय ग्राहकों के लिए एक विशेष लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस मौके पर न्यू जेनरेशन के चेयरमैन परमानंद बजाज, डायरेक्टर लक्ष्मण बजाज, डायरेक्टर रोहित बजाज, कंपनी के मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी विशाल मानकानी के साथ संस्थान के सभी प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।



### नवरात्र पर टीवीएस ग्राहकों के लिए डबल ऑफर

**बिलासपुर।** टीवीएस मोटर कंपनी के अधिकृत विक्रेता चंद्र टीवीएस के संचालक कैलाश तिवारी ने बताया कि इस नवरात्रि टीवीएस ग्राहकों के लिए डबल ऑफर लेकर आए हैं। इसमें एक तरफ जीएसटी कमी के कारण कीमतों में भारी कमी लागू की जा चुकी है। इसके साथ संस्थान द्वारा बुकिंग पर तत्काल उपहार दिया जा रहा है। प्रत्येक खरीदी पर हेलमेट भी दिए जा रहे हैं। कम ब्याज दर व कम डाउन पेमेंट की व्यवस्था फायनेंसर द्वारा उपलब्ध कराई गई है।




### चौकसे कॉलेज में एनएसएस दिवस का किया गया आयोजन



**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ.आशीष जायसवाल ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना जगाना है, साथ ही उन्होंने सभी स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों को हृदय से शुभकामनाएं दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी स्वयंसेवकों को समाज की बेहतरी के लिए निरंतर सेवा कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज के उत्थान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कॉलेज के रजिस्ट्रार ने कहा कि एनएसएस केवल एक गतिविधि नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जिम्मेदारी की ओर बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, रील मेकिंग प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सांस्कृतिक नृत्य, गायन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया। इसके पश्चात एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए एवं समाज सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## एजुकेशन प्लस

### टैगोर इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में मनाया गया फार्मासिस्ट डे



**बिलासपुर।** टैगोर इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी एंड रिसर्च सकरी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टैगोर ग्रुप आफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद अख्तर रसूल ने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवा देने वाला नहीं, बल्कि मरीज की उम्मीद, विश्वास और जीवन की डोर को थामे रखने वाला प्रहरी है। एक फार्मासिस्ट का हर निर्णय किसी के जीवन से जुड़ा होता है। इसके उपरांत उन्होंने नैतिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने स्पीच, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। गीतों और भाषणों ने उपस्थित सभी को भावुक कर दिया। छात्रों की प्रस्तुतियों और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने यह साबित कर दिया कि टैगोर ग्रुप ऑफ फार्मेसी न केवल शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि समाज के लिए जिम्मेदार है। टैगोर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन दीपक सिंह राजपूत एवं डायरेक्टर डॉ. सुकांत विश्वकर्मा, टैगोर ग्रुप के रजिस्ट्रार ओमकार देवांगन, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. जानकी रंजन दास, उषा देवी मेमोरियल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सुलक्षणा वासनिक और टैगोर इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के प्रिंसिपल डॉ. रत्नेश सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर सहायक प्राध्यायक पावेन्द्र कुमार, सुमन राठौर, अमर कुमार, लक्ष्मी साहू, सत्येन्द्र प्रधान, पंकज मिंज, सौरभ कुमारने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। प्राचार्य मोहम्मद अख्तर रसूल ने आभार व्यक्त किया।

सीवीआरयू के 192 विद्यार्थियों की 32 टीमों ने लिया हिस्सा

# स्मार्ट इंडिया हैकाथान में निकाला गया 22 समस्याओं का निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्मार्ट इंडिया हैकाथान का आयोजन किया गया। यह आयोजन सूचना प्रौद्योगिकी एवं संगणक विज्ञान विभाग, इंजीनियरिंग, कोडिंग क्लब, आईसीसी, आइक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 192 विद्यार्थियों की 32 टीमों ने भारत सरकार एवं अन्य राज्य सरकार एवं मंत्रालयों के 22 समस्याओं का निदान निकाला है। आयोजन में कई देशों के विद्यार्थी शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथान भारत सरकार का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस प्रयास के माध्यम से युवाओं को देश की अन्य राज्यों की एवं आमजन की समस्याओं का समाधान की जिम्मेदारी सौंप जाती है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार और अन्य राज्य एवं मंत्रालयों की 22 प्रॉब्लम्स का हल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाला है। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने इंदौर के स्टार्टअप चाय बार का उदाहरण देकर विद्यार्थियों को समझाया। उन्होंने ट्रैफिक समस्या खेती की समस्या मानसिक तनाव ग्लोबल वार्मिंग जैसे समस्याओं के निदान के लिए शोध करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। आईटी के डीन डॉ.अभिनव शुक्ला, इंजीनियरिंग के प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार तिवारी आईटी विभाग अध्यक्ष एवं एसपीओसी डॉ.आयुष अग्रवाल, रेजिलेंस सॉफ्टवेयर के सीओ पंकज मिश्रा, डॉ.आसिफा फ्रैंकलिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका में रेजिलेन्स सॉफ्टवेयर के सीओ पंकज मिश्रा, एचआर प्रमुख रुचि आंमवास्त, अनिकेत कुमार सॉफ्टवेयर डेवलपर, डॉ.विवेक शुक्ला, मारुति नंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष प्राध्यापक विद्यार्थी मौजूद रहे।

#### मना एनएसएस दिवस

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस, रिवर डे, विश्व हृदय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस के विद्यार्थियों को राष्ट्र की सेवा भावना से प्रेरित करने के लिए अतिथियों ने व्याख्यान दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विकलांग सेवा समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजू अग्रवाल, अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एमपी सामल एवं समाज सेवी कैलाश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### शुगर से जुड़ी गलतफहमियों का शिकार ना बनें : डॉ. राजेश

**बिलासपुर।** डायबिटीज दुनिया भर में तेजी से फैल रही बीमारियों में से एक है। इसके लक्षणों, खतरों और इलाज को लेकर लोगों के बीच कई तरह की गलतफहमियां पाई जाती हैं।

इसी विषय पर शहर के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ.राजेश अग्रवाल एमडी ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देने पर तुरंत शुगर जांच कराना जरूरी है, जैसे भूख ज्यादा लगना, वजन कम होना, बार-बार पेशाब लगना, अधिक प्यास लगना, घाव का जल्दी न भरना, लगातार थकान और कमजोरी शामिल है। कई बार मरीजों में कोई लक्षण नहीं होता, फिर भी शुगर का स्तर बढ़ा होता है। इसलिए 30 वर्ष की उम्र के बाद हर साल एक बार शुगर जांच कराना जरूरी है। इंसुलिन को लेकर फैली भ्रांतियां पर उन्होंने बताया कि इंसुलिन की खोज 100 वर्ष पहले हुई थी और इसके आविष्कारकों को नोबेल पुरस्कार मिला था। यह मानव सभ्यता के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। इंसुलिन आज भी लाखों लोगों की जिंदगी बचा रहा है, लेकिन सोशल मीडिया पर इससे जुड़े कई भ्रम और गलत प्रचार फैले हुए हैं।

■ **डायबिटीज दुनिया भर में तेजी से फैल रही बीमारियों में से एक**

उन्होंने अपील की कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और सही जानकारी के लिए अपने डॉक्टर से सलाह लें। अधिक जानकारी और उचित सलाह के लिए उनसे अग्रवाल शुगर क्लिनिक, सांझा चुल्हा रेस्टोरेंट के पास, व्यापार विहार रोड, महाराणा प्रताप चौक में संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी सम्मान समारोह आज, एसपी होंगे शामिल

**मुंगेली।** पहल जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जरेली पेण्ड्री में 26 सितम्बर को किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि एसडीएम रेखा चंद्रा, तहसीलदार छाया अग्रवाल, नगर पंचायत पथरिया अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुराधा राजमणी उपस्थित रहेंगे।

### विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन आज

**लोरमी।** नगरपालिका परिषद की ओर से आज आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल होंगे। कार्यक्रम का अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा करेंगे। इस दौरान कबीर भवन में नई सुविधाओं के विस्तार पश्चात लोकार्पण तथा वार्ड क्र 13 में 178.12 लाख के नगर उद्यान, वार्ड क्र 16 में 179.16 लाख की लगत से बाबाधाट मुक्तिधाम सौंदर्गीकरण एवं ब्राम्हण पारा में 166.52 लाख की लगात से मुक्तिधाम सौन्दर्यीकरण का भूमिपूजन किया जाएगा। उक्त जानकारी सीएमओ चंदन शर्मा ने दी।

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा आज

**तखतपुर।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा 26 सितम्बर को दोपहर 1 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष में रखी गई है। सभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी सीईओं सत्यव्रत तिवारी ने दी।

### ऑपरेशन मजनू के तहत मनचले युवकों पर कार्रवाई

**मुंगेली।** आपरेशन मजनू अभियान के तहत कन्या शाला मुंगेली के पास मंडराते हुए मनचले युवकों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मुंगेली के प्राचार्य की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने 19 सितम्बर को कन्या शाला के गेट के पास मंडराते हुए मनचले युवक चेतन भास्कर पिता तरूण भास्कर उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मानपुर थाना सिटी कोतवाली पर ऑपरेशन मजनू के तहत धारा 170, 126 (बी), 135 (3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

### परिक्षेत्र साहू समाज धरमपुरा का गठन



**धरमपुरा ।** ग्राम धरमपुरा के साहू समाज के भवन में चुनाव परीक्षेत्रीय साहू संघ के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें परीक्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ मन्नु राम साहू कुवागांव उपाध्यक्ष हरीश साहू धरमपुरा, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष महिला रानी यशवंत साहू बरदुली , संगठन सचिव महेंद्र साहू झझपुरी खुर्द, संगठन सचिव महिला भुनेश्वरी देवीराम साहू भठली कला का चयन किया गया अध्यक्ष द्वारा मनोनीत पद सचिव रोहित साहू बरदुली कोषाध्यक्ष धनपाल साहू धनगांव गोसाईं जिसमें तह साहू संघ के अध्यक्ष भारत राम साहू उपाध्यक्ष मेला राम साहू कोषाध्यक्ष सुशील साहू किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष माखन साहू युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष तुकाराम साहू पुर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष बबलू साहू ,वरिष्ठ एवं ग्रामीण अध्यक्ष गण सहित भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता गण शामिल रहे।

## निधन

### मुनगा बाई


**बिलासपुर।** देवनगर कोनी निवासी



मुनगा बाई पति स्व. ओशो डोंगरे का 24 सितंबर को निधन हो गया। वे 100 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 25 सितंबर को छोटी कोनी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे चतुर्भुज डोंगरे की मां थीं।

## देर रात तक चल रहा दर्शन का क्रम

# भैरव बाबा मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्र पर रतनपुर में पूरी तरह भक्तिमय माहौल नजर आ रहा है। चौथे दिन सुबह से ही नगर कोटवाल भैरव बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर से बाहर तक कतार लगी रही।

लोग अपनी-अपनी मनोकामनाओं को लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे। दूर-दराज़ गांवों से लेकर प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों से लोग परिवार सहित रतनपुर पहुंचे और भैरव बाबा के दर्शन किए। मंदिर के पुजारियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि हर साल नवरात्र में रतनपुर आने वाले भक्त पहले भैरव बाबा का दर्शन करते हैं, उसके बाद ही देवी मां का दर्शन पूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि जहां-जहां शक्तिपीठ है, वहां नगर कोटवाल के रूप में भैरवनाथ की पूजा होती है। इसी वजह से नवरात्र पर रतनपुर आने वाले हर भक्त का कदम पहले भैरव बाबा के मंदिर की ओर ही बढ़ता है। मंदिर परिसर में दिनभर घंटियों की गूंज और "जय भैरव बाबा" के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर में प्रवेश करते, नारियल और प्रसाद चढ़ाते और बाबा से अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए। मंदिर प्रबंधन की ओर से सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए थे। पुलिस जवान और स्वयंसेवक लगातार भीड़ को नियंत्रित करने में लगे रहे, ताकि भक्तों को किसी तरह की दिक्कत न हो। शाम होते-होते मंदिर परिसर रोशनी और भक्ति गीतों से पूरी तरह जगमगा उठता है। श्रद्धालुओं का कहना था कि रतनपुर में नवरात्र पर दर्शन का अलग ही महत्व है। जब तक भैरव बाबा के दर्शन नहीं होते, तब तक मां महामाया का दर्शन अधूरा माना जाता है।



### नवरात्र में उमड़ा आस्था का सैलाब अंचल में बह रही भक्ति की बयार

**सीपत।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर क्षेत्र का माहौल भक्ति और श्रद्धा से सराबोर है। अंचल के विभिन्न मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित कर माता रानी के नौ रूपों की विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। इसी क्रम में उच्चभट्ठी स्थित शिवसती दाई मंदिर में श्रद्धालुओं ने 664 तेल और 22 घी के ज्योतिकलश प्रज्वलित किए। वहीं सीपत स्थित मातेश्वरी मंदिर में 114 ज्योतिकलश, आनंद चौक स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर में 73 ज्योत, धनियां स्थित मनकेश्वरी मंदिर में 143 तेल व 10 घी के ज्योति कलश तथा सीपत के सेमरिया बाबा मंदिर में 124 ज्योति कलश भक्तों की ओर से प्रज्जवलित किए गए। सुबह से ही श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर शैलपुत्री से लेकर सिद्धिदात्री तक नौ स्वरूपों की आराधना कर रहे हैं। शाम ढलते ही मंदिर परिसर में दीपों की जगमगाहट ने अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया जा रहा है। रात्रि में जगराता और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकारों व भजन मंडलियों ने माता रानी की महिमा का गुणगान करते नजर आ रहे हैं।



## 31 गांव व 100 किमी की पूरी हो चुकी सुशांत की ध्वजायात्रा

**बिलासपुर।** बेलतरा विधनासभा में विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा निकाली गई ध्वजा यात्रा बारिश और चिलचिलाती धूप में भी अनवरत जारी है। 22 सितंबर से गिरजाबंद हनुमान मंदिर से निकली पद यात्रा में विधायक सुशांत शुक्ला ने 25 सितंबर तक 100 किमी की अपनी यात्रा पूरी कर ली है, जिसमें 31 गांव शामिल है। विदित है विधायक श्री शुक्ला द्वारा 171 किमी की ध्वजा यात्रा निकाली गई है जिसमें वें 51 गावों और 12 शहरी क्षेत्र में पद यात्रा कर रहे हैं।

नवरात्रि पर पूरे विधानसभा क्षेत्र में सनातन धर्म की महान संस्कृति को और भी भव्यता प्रदान करने और भक्तिमय रंग में रंगने के लिए विधायक सुशांत ध्वजा यात्रा पर निकले हैं। इस दौरान क्षेत्र का सघन दौरा, ग्रामीणों से संवाद और गांवों के धार्मिक स्थानों पर जाकर मंदिरों का दर्शन कर रहे हैं। इस दौरान रात्रि विश्राम रोजाना जहां यात्रा समाप्त होता है वहां करते हैं, उसके बाद अगले दिन दूसरे पड़ाव के लिए पदयात्रा पर निकल जाते हैं। ध्वजा यात्रा जहां से भी गुजर रही है ग्रामीण फूल माला और नारियल से यात्रा और विधायक सुशांत का स्वागत कर रहे हैं।



**28 को रतनपुर महामाया मंदिर में होगा समापन**

यात्रा के दौरान विधायक श्री शुक्ला के साथ युवाओं की टीम,कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। अब तक विधायक सुशांत शुक्ला नवागांव, मेलनाडीह, कर्रा (रैनपुर), जाली बेलतरा, बेलपारा, अंधियारी पारा, बगदेवा, कोरबी हरदीपारा, पथरापाली, लिम्हा, सलखा, कड़री, नेवसा, गिधौरी, टेकर, भिल्मी, पाण्डेपुर, उच्चभट्ठी, भाड़ी, बाम्हू अकलतरी, लखराम, पौंसरा, चोरहादेवरी, खैरा, डगनिया, सेलर, खपराखोल और बैमा नगोई तक की यात्रा पूरी कर चुके हैं। 26 सितंबर को बैमा नगोई से परसाही, उरतुम, मोहरा, मटियारी चिल्हाटी, लगरा, खैरा, फरहदा और मोपका में विश्राम करेंगे।

## लावर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**मस्तूरी।** 'स्वछता ही सेवा पखवाड़ा' के तहत गुरुवार को जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत लावर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता को लेकर श्रमदान किया और स्वच्छता की शपथ ली। साथ ही स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधे का लगाए गए। तत्पश्चात स्वच्छग्राही समूह की महिलाओं को स्वास्थ्य जांच कार्ड, श्रम कार्ड का वितरण किया गया एवं स्वच्छग्राही जय सरस्वती महिला समूह खैरा-जयरामनगर एवं जय श्री राम महिला समूह गतौरा को ई-गार्बेज रिक्शा का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य द्वय दामोदर कांत, सतकली बावरे, जनपद सदस्य देवेंद्र कृष्णन, जनपद सीईओ जेआरभगत, जिला समन्वयक पूनम तिवारी, बीएल कुर्रे, दिनेश श्रीवास, सरपंच चंद्र कुमार केंवट, सचिव योगेश सिंह ठाकुर, स्कूल स्टाफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## साव ने व्यापारियों के साथ बैठक में की जीएसटी पर चर्चा

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शहर के व्यापारियों के साथ जीएसटी बचत उत्सव पर आत्मीय चर्चा कर मुंह मीठा कराया। इस दौरान व्यापारियों ने श्री साव को बताया कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी के दो नए स्लैब करने के ऐतिहासिक फैसले से बाजार में भारी उत्साह का माहौल है। व्यापारी वर्ग ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि, त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं को बड़े पैमाने पर राहत और छूट मिल रही है। इससे बाजार में रौनक लौट आई है और उपभोक्ताओं का भरोसा भी और मजबूत हुआ है।

व्यापारियों ने बताया कि उत्सव के पहले ही दिन उपभोक्ताओं ने जमकर खरीदारी की। हजारों कारों की बिक्री दर्ज की गई, वहीं सीमेंट, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। कई उत्पादों की वेटिंग लिस्ट है। लोगों ने त्योहार में खरीददारी करने बचत की थी, लेकिन जीएसटी के फैसले से लोगों की बचत पर भी बचत हो रही है। श्री साव



ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय आजाद भारत का सबसे बड़ा टैक्स रिफॉर्म है, जिसका सीधा लाभ 140 करोड़ देशवासियों को मिल रहा है। पहले टैक्स से जुड़े इतने बड़े सुधार कभी नहीं हुए थे। इसी क्रम में व्यापारी पदाधिकारियों एवं व्यापारियों से आग्रह किया गया कि वे जीएसटी बचत उत्सव के नए स्लैब की छूट का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। श्री साव ने कहा कि, मोदी सरकार के 11 वर्षों में देश ने उल्लेखनीय तरक्की की है। जीएसटी से देश का राजस्व बढ़ा है और अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

## ग्राहक ने की दुकानदार के साथ मारपीट

**तखतपुर।** सब्जी का पैसा मांगने पर ग्राहक ने दुकानदार के साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। ग्राम ढनढन निवासी हर लाल रात्रे बीजा सप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने का काम करता है शाम 6:30 बजे मोटू ठाकुर नामक युवक सब्जी का भाव ताव करके सब्जी लिया और बिना पैसे दिए ही लौट रहा था तभी उससे पैसा मांगने पर नाराज होकर गाली गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### युवक से मारपीट

सास को गाली देने पर दामाद के द्वारा मना करने पर युवक ने मारपीट की दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। ग्राम कोतरी निवासी राजा राम साहू पिछले दो वर्ष से अपनी सास लखनी बाई के साथ विजयपुर में रहता है। उसका साढ़ू के भाई का बेटा सोम साहू जो खेकतरा में रहता है अलग अलग पुरानी बातों को लेकर झगड़ा किया था।



## कास्य थैरेपी से नगरवासियों को मिलेगा लाभ: मक्कड़

**तखतपुर।** नगर पालिका में सांस्कृतिक भवन के पास श्री आरोग्यम कास्य थेरेपी वेलनेस सेंटर का शुभारंभ नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने किया। इस दौरान पार्षद शैलेन्द्र निर्मालकर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि तखतपुर में कास्य थेरेपी का पहला सेंटर है जिससे लोगों को लाभ मिलेगा। बहुत पुरानी पद्धति का थेरेपी है लगातार लेने से बहुत ही ज्यादा फायदा होगा ।श्री आरोग्यम कांस्य थेरेपी वेलनेस सेंटर की संचालक डॉ मीनाक्षी ने बताया कि यह जो थेरेपी है। यह बहुत प्राचीन काल की आयुर्वेद की चिकित्सा पद्धति है जिसमें तांबा, जस्ता, टिन की मिश्र धातु से बनी एक्यूप्रेशर प्वाइंट सहित कांस्य प्लेट से थेरेपी दी जाती है, जिससे शरीर से हानिकारक तत्व बाहर निकलकर,रक्त संचार सुधरता है, नसों की ब्लॉकेज खुलती है। शुभारंभ अवसर पर अनुपमा अभिषेक पाण्डेय सभापति, पार्षद जसप्रीत रमन हूरा, शैलेन्द्र निर्मलकर रानी दिनेश देवांगन कोमल सिंह ठाकुर एवं रोहन सिंह ठाकुर विक्रम सिंह ठाकुर अनिल सिंह ठाकुर युगल किशोर पाण्डेय योगेश मिश्रा दिलीप तोलानी ओमप्रकाश निर्मलकर श्री आरोग्यम कांस्य थेरेपी वेलनेस सेंटर की संचालक डॉ मीनाक्षी डॉ अखिलेश कुमार रामचन्द्र साहू एवं नगर पालिका नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### आकाशीय बिजली गिरने से पति की मौत, पत्नी गंभीर



**तखतपुर।** खेत में काम रहे दंपती पर आकाशीय बिजली गिर जाने से पति की मृत्यु हो गई वहीं पत्नि गंभीर रूप से झुलस गई है। ग्राम भथरी निवासी छोटू कैवर्त पिता भागवत कैवर्त उम्र 28 वर्ष अपने पत्नि संगीता कैवर्त के साथ प्रतिदिन की तरह बाड़ी में जाकर सब्जी खेती के लिए काम कर रहे थे। शाम लगभग 5:30 बजे मौसम बदला और आकाशीय बिजली खेत में काम कर रहे दोनों पति पत्नि पर गिरी जिससे मौके पर ही पति छोटू कैवर्त की मृत्यु हो गई। वहीं पत्नि संगीता कैवर्त बुरी तरह झुलस गई। गंभीर रूप से घायल पत्नि को बिलासपुर रिफर किया गया।

## शुक्ल कॉलेज में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



मैदान में खेल के लिए उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी।

मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक संचालनालय नवा रायपुर एवं प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर के निर्देशन में किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ खेर ने कहा कि, सेवा ही सच्ची शिक्षा है। खेलकूद केवल शारीरिक तंदुरुस्ती ही नहीं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और समाज सेवा की प्रेरणा भी देता है। छात्रों को पढ़ाई के साथ सेवा और खेल में भी सक्रिय रहना चाहिए।कार्यक्रम प्रभारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे ने सेवा पखवाड़ा के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी ही विद्यार्थियों का वास्तविक दायित्व है। आयोजन का नेतृत्व डॉ राम प्रसाद चंद्रा ने किया तथा डॉ पूजा यादव, सुश्री कमलेश सिंह, विनोद कुमार बंजारे, दीपेश जोशी और विमल कुमार तिवारी ने विशेष योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्र-छात्राओं में सुधांशु, कमल किशोर, प्रदीप केवट, अभिषेक विजय, सुबीर डहरिया, सत्यवान, मुस्तज खान, राजेश्वरी खांडेकर, सिद्धि धीवर, विभा सूर्यवंशी, आयुषी, बबीता, लक्ष्मी दीपिका, मधु साहू, सुनीता यादव एवं रुचि पटेल ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।



25- SEP- BSP- P-4 ZIN_Layout 1 9/26/2025 12:36 AM Page 1

बिलासपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


यदुनंदन नगर दुर्गोत्सव समिति।


नवयुवक दुर्गोत्सव समिति।


महागौरी दुर्गोत्सव समिति सरकण्डा।


शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति।


दुर्गोत्सव समिति लोखण्डी।


सिद्धी विनायक दुर्गोत्सव समिति।


जय माँ जगत जननी दुर्गोत्सव समिति तिफरा।


दुर्गोत्सव समिति मोपका।


दुर्गोत्सव समिति अम्बेडकर चौक मोपका।

# फाउंडेशन के मैदान में रास डांडिया के पहले दिन झूमा शहर

## रास डांडिया और गरबा नौ दिन शुद्ध भाव से करें मां जगदम्बे भी आ जाएंगी: कौशल्या

**बिलासपुर।** भाटिया फ्यूल्स द्वारा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया के पहले दिन मां दुर्गा की आराधना के साथ शहरवासियों ने जमकर गरबा खेला। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आईएनएच हरिभूमि के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने रास डांडिया के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रतिकूल परिस्थिति में भी यहां रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है, कभी भी बारिश हो सकती है। प्रिंस भाटिया जैसे एक युवा समाज में अच्छा करने के लिए आगे आए हैं, जो हिम्मत करता है देवी मां उसी का साथ देती हैं। समाज के साथ मिलकर प्रिंस भाटिया और उनका परिवार शहर में रचनात्मक कार्य का आयोजन कर रहा है, आयोजन समिति को बधाई।

> जो हिम्मत करता है देवी माता उसी का साथ देती हैं

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी श्रीमती कौशल्या देवी भी भाटिया फ्यूल्स के रास डांडिया में शामिल होने पहुंचीं। उन्होंने भगवती माता की आराधना करते हुए कहा कि नौ दिन का नवरात्रि पर्व मां भगवती की पूजा और नवरात्र का होता है, लेकिन पूरा साल हमें देवी मां खुश और स्वस्थ रखती हैं। नौ दिन रास डांडिया से जीवन में शुद्धता आती है, जीवन स्वस्थ रहता है। भक्ति और पूजा मन लगाकर करें, तो नवरात्रि में आपके साथ मां जगदम्बे भी नाचने आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि राधे राधे का जाप करो, नवरात्रि के भाव से भक्ती करो, ताकि आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहे, परिवार सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि विदेश व दुनिया में सब कुछ मिल जाएगा लेकिन भारत की माटी और संस्कृति नहीं मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ जापान दौरे का जिक्र किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रजनीश सिंह ने कहा कि प्रिंस भाटिया और उनका परिवार बधाई का पात्र है। रास डांडिया के आयोजन से बिलासपुर का सम्मान बढ़ता है और साल भर तक बिलासपुर के लोगों को नवरात्रि पर्व पर इस आयोजन का इंतजार रहता है। कांग्रेस नेता अर्जुन तिवारी ने भी रास डांडिया के आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि यह शहर के लोगों के उत्साह और लक्ष्य को प्रदर्शित करता है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया और उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया।

## समाज के साथ मिलकर रचनात्मक कार्य कर रहा है भाटिया परिवार: डॉ.द्विवेदी



### सभी ने लिया डांडिया का आनंद

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में देश के सुप्रसिद्ध कलाकार द्वारा दी गई गीत संगीत की प्रस्तुति तथा रायपुर के प्रसिद्ध बैंड की धुन पर शहरवासियों ने रास डांडिया का आनंद लिया। आज रास डांडिया के उद्घाटन अवसर पर हरिभूमि आईएनएच के प्रधान सम्पादक हिमांशु द्विवेदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, उद्योगपति अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, सतीश सराफ, रविंद्र सिंह, शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. राजकुमार खेत्रपाल, डा. मनोज राय, डा. सुनील केडिया, डा. सौरभ लूथरा, डा. ललित माखीजा, डा. महेंद्र सामल, सुमित कुमठे, पूर्व महाधिवक्ता सतीषचंद्र वर्मा ने मां दुर्गा की आराधना करते हुए पूजा अर्चना महाआरती कर रास डांडिया का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रियंक परिहार, मनीष अग्रवाल, समीर अहमद, चंद्रप्रकाश बाजपेई, ऊषा बाजपेई मौजूद थे।

### आयोजन में दिखी समरसता

आज के पहले दिन के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे युवा ने गुजरात की लोक परंपरा तथा देष की सामाजिक, धार्मिक संस्कृति तथा सामाजिक समरसता के साथ पूरे शहर ने बालीवुड कलाकारों तथा प्रसिद्ध गीत संगीत की धुन पर गरबा खेला।आज इस अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह तथा पुष्पगुच्छ से सम्मानित करते हुए कहा कि पिछले 9 साल से नवरात्रि पर्व पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में शहरवासी मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ ही यहां पर रास डांडिया में शामिल हो रहे हैं और सामाजिक समरसता के साथ यह आयोजन हर साल किया जा रहा है। जिसमें देश के सुप्रसिद्ध कलाकार गीत संगीत के साथ ही बालीवुड कलाकार यहां अपनी प्रस्तुति देते आ रहे हैं, इस बार भी नवरात्रि पर्व पर देष की सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया रास डांडिया में शामिल होने आ रही हैं।

## प्रतिकूल परिस्थितियों में भी रचनात्मक व समरसता का आयोजन: डॉ.हिमांशु



रास डांडिया कार्यक्रम में उपस्थित आईएनएच हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लगातार बारिश हो रही है, मौसम प्रतिकूल है, लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों के बाद भी किया जा रहा यह आयोजन रचनात्मकता व समरसता का आयोजन है। इसके लिए प्रिंस भाटिया और इनकी पूरी टीम को बधाई। जिस तरह से कई दिनों से लगातार और अचानक कभी भी बारिश हो रही है उसे देखकर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति थी, लेकिन प्रिंस व इनकी टीम ने अपनी मेहनत से इस कार्यक्रम को शानदार बना दिया। डॉ द्विवेदी ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से परिवार को एक पहचान मिलती है। इसके लिए भी प्रिंस को ढेर सारी बधाई। रास-डांडिया समारोह में शामिल होने आए युवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि युवा वर्ग यहां कुछ अच्छा करने, कुछ नया करने की चाहत में आए हैं। इसके लिए इन सभी को भी बधाई।



## चुनी गईं डांडिया क्वीन, नवरात्रि पर शहर में हो रहे विविध आयोजन



# महिलाओं ने किया रास गरबा, दी छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** नवरात्रि पर शहर में रास गरबा सहित विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसमें महिलाओं, युवतियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी कर रहीं हैं। वहीं मंदिरों में देवी की विधि-विधान से पूजा की जा रही है। कन्या भोजन कराए जा रहे हैं। नियमित चल रहे भंडारे में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

श्रद्धा महिला मंडल ने रविंद्र भवन वसंत विहार में एसईसीएल की महिला संविदा कर्मियों के साथ नवरात्रि उत्सव हर्षोल्लास से मनाया। यह कार्यक्रम मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन एवं उपाध्यक्षों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य इन कर्मठ महिलाओं के कार्यों को सम्मान देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की आराधना से हुआ। अतिथि बहनों ने मां दुर्गा पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं गरबा एवं डांडिया की प्रस्तुति से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। अनेक मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। इसमें सभी ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान 'डांडिया क्वीन' प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें तीन विजेताओं का चयन किया गया। सभी महिला संविदा कर्मियों को उनके अमूल्य योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती दुहन के साथ श्रीमती इप्सिता दास, विनीता जैन एवं सुभश्री महापात्रा ने उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए। अध्यक्षा श्रीमती दुहन ने इन कर्मठ बहनों की समर्पण एवं परिश्रम की सराहना की और उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। संविदा बहनों ने भी इस विशेष आयोजन के लिए श्रद्धा महिला मंडल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नेहरू शताब्दी कॉलोनी, वसंत विहार कॉलोनी एवं इंदिरा विहार कॉलोनी में कार्यरत लगभग 80 महिला संविदा कर्मियों ने उत्साह से भाग लिया।



## छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में महिलाओं ने किया गरबा



रतनपुरिया कसौंधन गुप्ता महिला मंडल द्वारा पचारीघाट में गरबा उत्सव संपन्न हुआ, जिसमें समाज महिलाओं ने छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया थीम पर छत्तीसगढ़ी वेशभूषा पारंपरिक परिधान पर कलगी कौड़ी गले में तिल्ली रुपया भुज में नाग मोरी कलाई में चीरवा कमर में करधन पैरों में लाचा पहनकर सुआ गीत के माध्यम से आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। करीब 50 महिलाओं ने इसमें भाग लिया इसी तरह बालिका वर्ग के मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी बालक वर्ग भी पीछे नहीं रहे इन लोगों ने भी जबरदस्त गुजराती नृत्य वेशभूषा में प्रस्तुति दी। महिला वर्ग में प्रथम दीपा गुप्ता, दूसरे स्थान पर रिंकी गुप्ता, तीसरे स्थान पर जिम गुप्ता रही। बालिका वर्ग में प्रथम अनन्या गुप्ता, द्वितीय में वीर गुप्ता, तृतीय भाव अनिमेष गुप्ता, बालक वर्ग में प्रथम वंश गुप्ता, दूसरे स्थान पर राजवीर गुप्ता, तीसरे स्थान पर एनीमेशन गुप्ता रहें।

## कौशल्या साय ने आदर्श दुर्गोत्सव समिति में की पूजा

आदर्श दुर्गोत्सव समिति गोड़पारा द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है, शहर के विराट पंडाल पर माता का पूजन हो रहा है। गुरूवार को सीएम विष्णु देव साय की धर्मपत्नि कौशल्या साय पहुंचकर माता का पूजन किया। इस दौरान छत्तीसगढ की समृध्दि व खुशीहाली की मात से कामना की। यहां पर महिलाओं के साथ गरबा नृत्य भी किया।



### खम्हारडीह आश्रम में मां दुर्गा का पूजन



पीएम कुसुम योजना के तहत श्री चक्र महामेरू पीठम खम्हारडीह आश्रम में गुरूवार को सौलर पैनल का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नि कौशल्या देवी के द्वारा किया गया। इस दौरान आश्रम में नवरात्रि में विराजी मां दुर्गा व ज्योति कलश का पूजन भी किया। इन्होंने सनातन धर्म की रक्षा करने व जन-जन तक पहुंचाने आवाहन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अनुपम सरकार, अतिथि महामंत्री भाजपा कैलाश सिंह ठाकुर, विश्व हिंदु महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुमित विधानी, सरपंच सुरेश ध्रुव मौजूद थे।



# जीएसटी टैक्स में भरी गिरावट के कारण बहुत ही कम दामों पर



इंतज़ार की घड़ी समाप्त .... आपकी बहुप्रतिक्षित सेल एक वर्ष बाद पुनः **श्री जगन्नाथ मंगलम** में

## NAVRATRI KE MOUKE PAR SPECIAL OFFER

हिन्दुस्तान के 200 नामी ब्रांड्स के 50000 से भी अधिक रेडीमेड गारमेंट्स

**करोड़ों रुपयों के कीमत के, अब कौड़ियों के दाम**

## हर साल की तरह इस साल भी मिलेगा हकीक़त वाला डिस्काउंट

पूरे भारत के 500 बड़े-बड़े शोरूमों में ब्रांडेड रेडीमेड गारमेंट्स की सप्लाई करने वाली 4 बड़ी फैक्ट्रियों को लम्बे समय से बाजार में चल रही मंदी के कारण बंद करना पड़ा। उन फैक्ट्रियों का सारा माल अब लागत से भी कम कीमत पर बिक्री किया जाएगा। कंपनी के मैनेजमेंट ने यह तय किया है कि अब कौन से मार्जिन में कितना घाटा होगा इसकी परवाह नहीं की जाएगी और कुछ नहीं तो सिलाई की कीमत ही निकल आएगी, जो गारमेंट्स बड़े-बड़े शोरूमों में रु. 500 से 3500 तक में बेचे जाते हैं, वो गारमेंट्स आज से 7 दिनों में मात्र रु. 100 से 750 रु. तक में बिकी किए जाएंगे।

हम बिक्री कर रहे गारमेन्ट्स के ब्राण्डों के नाम ओपन नहीं कर सकते, क्योंकि इतने कम रेटों पर बिक्री करना हमारी मजबूरी है

**आश्चर्यजनक किंतु सत्य**

बच्चा टी-शर्ट, नेकर, जीन्स शर्ट, लोअर, टॉप जीन्स 600 से 900 रु वाली
**लीजिये मात्र 150 से 350 रुपए में**

वन पीस, कुर्ती, प्लाज़ो, लोअर, कैपरी, वेस्टर्न टॉप जीन्स 700 से 2500 रु वाली
**लीजिये मात्र 100 से 350 रुपए में**

1200 से 2100 रु तक में बिकने वाले बाबा सूट, बेबी सूट, फ्रॉक, बेबी वन पीस, बच्चा कोट, पैंट, शेरवानी, कुर्ता-पायजामा **लीजिये मात्र 350 से 550 रुपए में**

1500 से 2500 रु तक में बिकने वाले ब्रांडेड जेंट्स टी-शर्ट व शर्ट **लीजिये मात्र 350 से 590 रुपए में**

1700 से 3000 रु तक में बिकने वाले जेंट्स जीन्स, ट्राउज़र्स **लीजिये मात्र 350 से 750 रुपए में**

**यह बिक्री सिर्फ 7 दिन के लिए होगी 26,27,28,29,30 सितम्बर व 1, 2 अक्टूबर**

समयः प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक

**नोट :**
1. बिलासपुर की जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा मकसद सेल लगाकर माल बेचना नहीं है.
2. कंपनी पर बैंक का अत्यंत दबाव होने के कारण कंपनी को अर्जेन्ट फण्ड की आवश्यकता होने के कारण कंपनी अपने वेअरहाउस में रखे प्रीमियम स्टॉक को अब सेल सस्ती बिक्री करने को मजबूर है.
3. हमारी कंपनी के द्वारा न पहले कभी सेल लगायी गयी है, न इसके बाद लगायी जाएगी.

**Special Offer**
जेंट्स टी-शर्ट
(गोल गला, कॉलर, फुल स्लीव)
200/-

VENUE:
# श्री जगन्नाथ मंगलम

**Special Offer**
जेन्ट्स फॉर्मल एवं केजुअल शर्ट्स
250/- से 350/-

**आनंद होटल के बाजू, पुराना बस स्टैण्ड रोड, बिलासपुर**

(कृपया ध्यान दें यह बिक्री केवल 7 दिनों के लिए रखी गई है : शुक्रवार से गुरुवार तक)

sumit

## खबर संक्षेप

### डुप्लीकेट तम्बाकू बनाकर बेचने वाले दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मेघना कंपनी का डुप्लीकेट मेघना तम्बाकू बनाकर मार्केट में बेचने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, 10 सितंबर को संजय आहुजा ने रिपोर्ट लिखाई। वे मेघना चूना मिश्रित तम्बाकू निर्माता हैं। प्रकाश आहूजा, दीपक आहूजा, मनोज आहूजा संगठित रूप से उनके मेघना एवं उसकी विशिष्ट पैकेजिंग लेबलिंग आकर आदिय आयम की नकल कर मेघना की मेघाना नाम को प्रयोग कर बेची जा रही है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर लिया था। गुरूवार को पुलिस ने फरार आरोपी मनोज आहूजा पिता प्रकाश आहूजा, 48 साल, उसके भाई दीपक आहुजा 34 साल हेमूनगर मुर्राभाठा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

### शराब दुकान के 3 सेल्समैन ने बिल्डर को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पैसा वापस मांगने पर शराब दुकान के 3 सेल्समैन ने बिल्डर के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रघु विहार अशोकनगर निवासी अरविंदसाव पिता ओंकार प्रसाद साव बिल्डर हैं। पूर्व में उन्होंने आनलाइन पेमेंट कर मोपका शराब दुकान से शराब खरीदा था। 23 सितंबर को उन्होंने गलती से शराब दुकान के खाते में 400 रुपए पेमेंट कर दिया। वे अपना पैसा वापस मांगने शराब दुकान गए तो 3 सेल्समैन ने पैसा शासन के खाते में जमा हो गया कहते हुए उनके साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट की। पुलिस ने अज्ञात 3 सेल्समैन के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बच्ची से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** 11 साल की बच्ची से अनाचार करने वाले नशेड़ी युवक



को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक 11 साल की बच्ची बुधवार को शाम 4 बजे घर के बाहर थी। इसी दौरान गतौरा निवासी नशेड़ी राजू मरकाम पिता मोहन मरकाम 30 साल बच्ची को अकेले पाकर उठाकर खेत ले गया और उसके साथ अनाचार कर डरा धमका भगा दिया। बच्ची ने घर लौटकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने आरोपी राजू मरकाम को गिरफ्तार कर लिया है।

### कबाड़ चोरी करने वाले 3 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्लांट से लोहे का कबाड़ चोरी करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, नोवा आयरन कंपनी के हीरामणी ज्वाले ने रिपोर्ट लिखाई। 24 सितंबर उनकी फैक्ट्री में पेट्रोलिंग के दौरान दो युवक दीवर फांदकर भागने की कोशिश कर रहे थे। नदी के बहाव के कारण वह भाग नहीं पाए। कर्मचारियों ने दोनों को पकड़कर नाम पूछने पर अपना नाम दगौरी निवासी राहुल निषाद, पुनीत निषाद बताया। दोनों ने पौंसरी निवासी सालिकराम ध्रुव के साथ मिलकर प्लांट में लोहे का कबाड़ चोरी करना स्वीकर किया। उसके बाद सालिकराम ध्रुव को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**कोटा ब्लाक का मामला** | पूरा सीजन निकल गया, गरीबी में हो रहा गुजारा, खनिज विभाग ने अब फिर दे दी पेशी

# खनिज विभाग ने जब्त की ढाई लाख ईंट, पांच माह में नहीं छोड़ा

**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत की शिकायत पर खनिज विभाग के अमले ने अप्रैल में कुम्हार परिवार के द्वारा बनाई गई ढाई लाख ईंट जब्त कर ली। विभाग द्वारा एक-एक कर दस्तावेज मांगे जाते रहे और मालिक जमा करते रहे, लेकिन पांच महीने बाद भी ईंट नहीं छोड़ने पर मंगलवार को कुम्हार का परिवार खनिज विभाग में जाकर बैठ गया, जिसमें 72 साल की महिलाएं भी शामिल थीं। अब इस कुम्हार परिवार को फिर पेशी दे दी गई है।

कोटा ब्लॉक के बड़े करगी निवासी 72 वर्षीय शकुंतला प्रजापति मंगलवार को अपने परिवार के साथ खनिज विभाग के आफिस में जमीन पर बैठी नजर आई। खनिज विभाग के आफिस में इस तरह बैठने के संबंध में पूछने पर पहले तो किसी नुकसान के डर से उन्होंने कुछ नहीं बताया, लेकिन फिर पूछने पर कहा कि खनिज विभाग के अमले ने अप्रैल महीने में उनके परिवार का ढाई लाख ईंट जब्त करके रखा है। ईंट चार से पांच परिवारों की है, जिसका प्रकरण बनाते समय विभाग ने ढाई लाख के बजाए चार लाख ईंटों का प्रकरण बना दिया है।



खनिज विभाग दफ्तर के बाहर बैठी महिलाएं।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के प्रस्ताव के बगैर शासन से पांच एकड़ जमीन लेकर ईंट भट्ठा संचालित करने की शिकायत खनिज विभाग में की गई थी, जबकि शासन के नियमानुसार कुम्हारों को अपनी जाति से संबंधित व्यवसाय करने के लिए किसी की अनुमति की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वे बीते अप्रैल महीने से विभाग में आकर ईंट छोड़ने की गुहार लगा रहे हैं। इस बीच विभाग द्वारा एक-एक दस्तावेजों की बारी-बारी से मांग की जाती रही और वे देते रहे, लेकिन सारे दस्तावेजों के प्रस्तुत होने के बाद भी उन्हें घुमाया जाता रहा, और जब्त ईंट नहीं छोड़ी गई। जानकारी के अनुसार इस कुम्हार परिवार को अब फिर 26-27 सितंबर को दस्तावेज प्रस्तुत करने की पेशी दे दी गई है।

### मिली है जानकारी

पीड़ित कुम्हार परिवार ने पहली बार मंगलवार को ही मुझसे मुलाकात कर इस मामले की जानकारी दी है। अधीनस्थों से सारी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए तत्काल जब्त ईंट छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**, उपसंचालक खनिज

---

अधिकारियों का कहना - हर माह होता है भुगतान, पिछला बकाया की बात गलत

# स्वास्थ्य केन्द्रों से बायोमेडिकल वेस्ट का उठाव बंद, कंपनी ने भुगतान नहीं होने से रोका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में बायो मेडिकल वेस्ट का उठावा बंद हो चुका है। इंवायरो केयर कंपनी ने पिछला भुगतान नहीं होने के कारण काम रोक दिया है। जिसके चलते पिछले 15 दिनों से स्वास्थ्य केन्द्रों में बायो मेडिकल वेस्ट सड़ रहा है। इसकी बदबू से अस्पताल परिसर में बदबू फैल रही है और डाक्टर, स्टाफ के साथ ही मरीजों का हाल बेहाल हो रहा है।

- **कंपनी का दावा लाखों रूपए का भुगतान अटका**

जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बायो मेडिकल वेस्ट व कचरे का निबटारा करने की जिम्मेदारी इंवायरो केयर कंपनी को दिया गया है। जिले में एक मात्र कंपनी है जो बायो मेडिकल वेस्ट का प्रबंधन करती है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसी कंपनी को ठेका भी दिया गया है, लेकिन कंपनी ने पिछला बकाया भुगतान नहीं होने पर 15 दिनों से मेडिकल वेस्ट उठाने से मना कर दिया है। जिसके बाद इन अस्पतालों में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। बताया जा रहा है कि बिल्हा अस्पताल में कई दिनों से बायोमेडिकल वेस्ट का उठाव नहीं हो रहा है, जिसके चलते अस्पताल परिसर में बदबू का आलम है। इसकी जानकारी मीडिया को पता चलते ही आनन-फानन में परिसर में गड्ढा खोद कचरा डंप किया गया है, लेकिन फिर भी अस्पताल में बदबू और अव्यवस्था जारी है। खास बात यह है कि डाक्टर और स्टाफ के साथ ही मरीजों के लिए भी काफी गंभीर समस्या है। ऐसे में अब संक्रमण की आशंका बनी हुई है, जिसे लेकर लापरवाही बरती जा रही है।




बिल्हा स्थित अपशिष्ट प्रबंधन कार्यालय में भरा कचरा।

### अधिकारियों का आरोप मनमानी हावी

पर्यावरण विभाग ने बायो मेडिकल वेस्ट के निबटाने के लिए लंबी चौड़ी गाइडलाइन तय कर रखी है लेकिन नियमों को ताक पर रख जा रहा है। संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य केन्द्र व अस्पताल में रोजाना कचरे का निबटारा करना बेहद जरूरी है। अस्पताल में रोजाना भारी मात्रा में लिक्विड बेस्ड गंदा पानी निकलता है। मवाद, खून, केमिकल्स सर्जरी से निकलने वाली गंदगी और संक्रमित पानी डायरेक्ट नालियों में जाने से चर्म रोग, कैंसर जैसी भयानक बीमारी हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि एक मात्र कंपनी होने के कारण कंपनी की मनमानी हावी है, जबकि हर माह भुगतान किया जा रहा है। पिछला भुगतान नहीं होने की बात गलत है। अगर ऐसा है तो कंपनी को पहले पिछला भुगतान कराना था, फिर काम जारी रखना था।

### मस्तूरी में 5 माह से उठाव बंद

बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तुरी में 5 माह से कंपनी ने अपनी गाड़ी नहीं भेजी है, जिसके चलते उठाव बंद है। बायोमेडिकल वेस्ट में कीड़े पड़ने और अत्यधिक बदबू आने के बाद बीएमओ अनिल कुमार ने स्वयं के खर्च से परिसर के भीतर ही जेसीबी लगाकर गड्ढा करवा मेडिकल वेस्ट का अस्थाई निबटारा किया है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### फंड के अनुसार होता है भुगतान

मेरी जानकारी में कंपनी को भुगतान हो रहा है, पिछला भुगतान अगर नहीं हुआ है तो मेरे संज्ञान में बात लाना था। काम रोकने का सवाल ही नहीं उठता है। फंड के अनुसार कंपनी को भुगतान किया जाता है।

**-डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ

---

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एबीवीपी के छात्रों ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के आईपी इंजीनियरिंग विभाग में गुरुवार को यूनिवर्सिटी के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने जमकर हंगामा मचाया। छात्रों ने आईपी इंजीनियरिंग विभाग के एक शिक्षक पर छात्रों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है। इसके अलावा विद्यार्थियों से विलंब शुल्क वसूली का भी एबीवीपी ने विरोध किया है।

- **विलंब शुल्क वसूले जाने का छात्रों ने किया विरोध**



गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के आईपी इंजीनियरिंग विभाग में आज एबीवीपी के छात्रों ने हंगामा मचाते हुए जमकर नारेबाजी की और जमीन पर धरने में बैठ गए थे। छात्रों ने आईपी इंजीनियरिंग के सहायक आचार्य कंवल कुर्रे पर भेदभाव का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पिछले सत्र कुछ चुनिंदे छात्रों को पास कर दिया था। कुल 75 विद्यार्थियों में से 43 विद्यार्थियों को एटीकेटी लगा दिया था। छात्रों के प्रदर्शन का दूसरा विषय यूनिवर्सिटी द्वारा विलंब शुल्क वसूली किए जाने को लेकर था। प्रत्येक छात्रों से 875 रुपए विलंब शुल्क लिया जा रहा है जबकि इसमें छात्रों की कोई गलती नहीं है। क्योंकि विषय चयन के दौरान समर्थ पोर्टल में इंजीनियरिंग इकोनॉमिक्स नाम का विषय दिखाई दे रहा था जो कि उनके पाठयक्रम में नहीं है। इन दोनों विषय की जानकारी मिलते ही एबीवीपी के छात्र इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता से मिलने पहुंचे, किन्तु उस समय वे नहीं थे तब आईपी इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष से छात्रों ने मुलाकात की और उनके सामने सारी बात रखी। इन मुद्दों को लेकर काफी बहसबाजी भी हुई। एबीवीपी यूनिवर्सिटी इकाई के अध्यक्ष तुषार साहू ने कहा कि जिस शिक्षक के पढ़ाने से इतनी बड़ी संख्या में छात्र फेल हो जाते हैं ऐसे शिक्षक को छात्रों का भविष्य बर्बाद करने का अवसर नहीं दिया जाना चाहिए।

एबीवीपी इकाई मंत्री प्रसून पाठक ने छात्रहित में कार्रवाई की मांग की है। बहस के बाद आखिर में डीन और विभागाध्यक्ष दोनों ही एबीवीपी के सभी छात्रहित के मांगों को दो दिनों के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्रों ने घेराव प्रदर्शन समाप्त किया।

---

## एम यूटीएस में चलते-फिरते जनरल टिकिट ले सकेंगे यात्री

- **अनारक्षित टिकटिंग को और अधिक सरल व सुविधाजनक बनाना उद्देश्य**




**बिलासपुर।** त्यौहारों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल ने अनारक्षित टिकटिंग को और अधिक सरल व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एम-यूटीएस सेवा की शुरुआत की है। यह सुविधा वर्तमान में बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ़ एवं जांजगीर-नैला स्टेशनों में उपलब्ध है।

एम-यूटीएस रेल की मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली है। इस विशेष हैंडहेल्ड डिवाइस के माध्यम से टिकटिंग कर्मचारी स्टेशन परिसर, प्रवेश द्वार अथवा प्लेटफॉर्म पर ही यात्रियों को अनारक्षित टिकट उपलब्ध करा रहे हैं। अब यात्रियों को काउंटर पर लंबी कतार में लगने की आवश्यकता नहीं है। इस सुविधा से यात्रियों को बिना लाइन लगे तुरंत टिकट प्राप्त हो रही है, नकद लेन-देन की परेशानी से मुक्ति, चिल्हर की कमी और नकदी प्रबंधन की झंझट समाप्त, काउंटरों पर भीड़ कम होने से यात्रा और भी सहज, सीधे डिवाइस से टिकट प्राप्त कर यात्री बिना प्रतीक्षा यात्रा का आनंद ले रहे हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि एम-यूटीएस मशीनों के प्रयोग से काउंटरों पर भीड़भाड़ में उल्लेखनीय कमी आई है। यात्रियों को अब एक सहज, त्वरित और परेशानी मुक्त टिकटिंग सेवा का लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में इस सुविधा का विस्तार अन्य स्टेशनों पर भी किया जाएगा, ताकि और अधिक यात्रियों तक इसका लाभ पहुंच सके।

## सड़क पर मवेशियों को घूमने के लिए छोड़ने वाले 6 मालिकों पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन ने सड़क पर मवेशियों को घूमने के लिए छोड़ने वाले 6 मालिकों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने मवेशी मालिकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं एसडीएम कार्यालय से उन्हें कोर्ट में उपस्थित होने समन जारी किया गया है।

- **एसडीएम कार्यालय से उन्हें उपस्थित होने का समन जारी**

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर एसडीएम नितिन तिवारी के मार्ग दर्शन में राजस्व विभाग कोटा, पशुपालन विभाग व नगर पंचायत की संयुक्त टीम गठित की गई है। इस टीम ने क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया और पाया कि कई पशु मालिक लगातार नियमों का उल्लंघन कर रहे है और अपने पशुओं को खुले में छोड़ रहे है। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने संबंधित पशु मालिका के विरूद्ध कोटा थाने में 4 एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मवेशी मालिक नारायण मनकशाराम जायसवाल सेमरचुआ, संतोष कुमार सूर्यवंशी निरतू, रोशन प्रजापति रानी सागर, राजेन्द्र चतुर्वेदी रानीसागर व बिल्हा पुलिस ने मवेशी मालिक चंद्रप्रकाश राव वार्ड क्रमांक 8, बहादूर राजपाल वार्ड क्रमांक 2 बिल्हा निवासी के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम1960 की धारा 11, 1, क, 3, 285, 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। एसडीएम कार्यालय से बीएनएस की धाराओं के अंतर्गत समन भी जारी किए गए हैं। जिसके तहत संबंधित पशु मालिकों को न्यायलय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना होगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील किया है अपने पशुओं को गौशाला या सुरक्षित स्थानों में रखे। सड़क पर छोड़ गए पशु न केवल दुर्घटनाओं का करण बनते है बल्कि नगर की स्वच्छता और सौंदर्य को भी प्रभावित करते हैं।

## बाउंड्रीवाल तोड़ने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होटल में कब्जा करने बाउंड्रीवाल तोड़कर कर्मचारियों से मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर थाने एसआई रामनरेश यादव ने बताया, करीब 20 दिन पहले वसीम खान अपने साथियों के साथ जेसीबी लेकर अग्रसेन चौक स्थित होटल नटराज पहुंचा और कब्जा करने के लिए होटल का बाउंड्रीवाल तोड़वाने लगा। होटल के कर्मचारियों ने विरोध किया तो उनके साथ जमकर मारपीट किया गया था।

पुलिस ने उक्त मामले में वसीम खान सहित अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 331, 2, 351, 2, 324, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। बुधवार को पुलिस ने फरार आरोपी वसीम खान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छुड़ाने के लिए मोपका क्षेत्र के जमीन दलाल थाने में जमावड़ा लगाए हुए थे, किन्तु उनकी एक नहीं चली।

### चोरों ने पार किया नकद 80 हजार का मोबाइल पार

चोरों ने शिक्षिका के गुल्लक से नकद व एक मकान से 80 हजार रुपए का मोबाइल चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, जांजगीर चांपा निवासी निशी कश्यप पिता रामचंद कश्यप 30 साल दयालबंद भारत टेंट हाउस गर्ल्स हास्टल में रहकर शिखा पब्लिक स्कूल में पढ़ाती हैं। 24 सितंबर को वे वापस हास्टल आईं और आलमारी खोलकर देखा तो उनका गुल्लक टूटा हुआ था। उसमें रखे 7 हजार रुपए गायब हो गए थे। दूसरी घटना में दयालबंद अटल आवास निवासी जावेद खान ने 80 हजार रुपए का मोबाइल खरीदा था, मोबाइल को चार्जिंग में बाहर से दरवाजे का सिटकनी लगाकर वे दोस्त को छोड़ने राजेन्द्रनगर चले गए। घर वापस पहुंचे तो उनका मोबाइल गायब हो गया था। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### इतवारी से शालीमार स्पेशल में दो अतिरिक्त स्लीपर कोच

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन में दो अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई है।







## हड़ताल का असर: मरीजों का डाटा अपडेट करने में लगेगा समय

**बिलासपुर।** एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब भी दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग की एनसीडी व आईडीएसपी,टीबी, मलेरिया, अंधत्व, चिरायु जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम में रिपोर्टिंग ठप पड़ चुकी है। पिछले एक माह की रिपोर्टिंग की पेंडेंसी देख अधिकारियों के भी कान खड़े हो चुके है। ऐसे में कर्मचारियों पर काम का बोझ भी बढ़ चुका है।

एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 35 से अधिक दिनों तक जारी रही है, इसका प्रभाव दिखने लगा है, राष्ट्रीय कार्यक्रमों में राज्य की रिपोर्टिंग काफी पिछड़ चुकी है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के नियमित कर्मचारियों ने व्यवस्था संभालने की कोशिश की है। योजनाओं के तहत हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग एकीकृत पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है। आईडीएसपी यानी इंट्रगेटेड डिसिज सर्विलांश प्रोग्राम, एनसीडी यानी नॉन कम्युनिकेबल डिसिज की रिपोर्टिंग जैसे काम पूरी तरह से ठप है। साथ ही कुष्ट, मलेरिया, डेंगू, अंधत्व निवारण, टीकाकरण, चिरायू की रिपोर्ट अपडेट नहीं हो सकी है। अब हड़ताल से वापस आने के बाद इन कर्मचारियों को रिपोर्ट अपडेट करने का काम दिया जा रहा है।






## खबर संक्षेप

### नगर साहू समाज के अध्यक्ष बने सुखदेव



**सरगांव।** सरगांव साहू समाज के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की प्रक्रिया गुरुवार को साहू समाज भवन में संपन्न हुई। इस दौरान कई लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें परमानंद साहू, राजकुमार साहू, मुकेश साहू, कृष्ण कुमार साहू, सुखदेव साहू, कृष्णा साहू, राकेश साहू, पवन साहू, उदयभान साहू, दुखहरण साहू आदि शामिल रहे। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद सर्वसम्मति से सुखदेव साहू को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही कृष्ण कुमार साहू को उपाध्यक्ष, पार्षद राकेश साहू को सचिव और चंद्रभूषण साहू को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सुखदेव साहू पूर्व में साहू समाज सरगांव के 6 वर्षों तक उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मना



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का कार्यक्रम किया गया। जिसमे मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम मे शाला के प्राचार्य विजय कुमार सोनी, व्याख्याता राधेश्याम राय, कु. चांदनी केशरवानी, पैकरा एवं इंद्राणी यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी केएल देवांगन, सहायक कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रकिरण पाण्डेय एवं बड़ी संख्या मे छात्र उपस्थित थे। लक्ष्य गीत एवं प्रेरणा प्रसंग बाते केएल देवांगन द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं चन्दकिरण पाण्डेय दारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया।

### खाद्य लायसेंस एवं पंजीयन के लिए लगा शिविर



**मुंगेली।** विकासखण्ड के स्कूलो में मध्यान्ह भोजन बनाने एवं परोसने वाले समूहों का खाद्य लायसेंस एवं पंजीयन के लिए 1 दिवसीय शिविर आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 152 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में जिला खाद्य अधिकारी पुष्पा खाखा ने मध्यान भोजन पकाते समय साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, पके हुए खाद्य सामग्री व पीने के पानी को ढककर रखने, पानी को साफ-सुथरे बर्तन में रखने, तेल को केवल दो बार ही उपयोग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जंग लगे बर्तन का उपयोग नही करने, पैकेट खाद्य सामग्रियों जैसे हल्दी पावडर, मिर्च पावउर, पापड़, अचार आदि पर निर्माण तिथि एवं उपयोग तिथि को देखकर उपयोग करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वच्छता कार्यक्रम के साथ मनाया गया फार्मासिस्ट डे



**लोरमी।** विश्व फार्मासिस्ट डे के अवसर पर गुरुवार को नगर के केमिस्टों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत स्वच्छता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की। इस अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस अभियान का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना, और नगर को स्वच्छ, सुंदर व स्वस्थ बनाना है। इस अवसर पर मेडिकल टीम लोरमी ब्लॉक अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, उपाध्यक्ष जीवन साहू, तिरिथ साहू, जीतेन्द्र राजपुत, राजेन्द्र साहू, पंकज ठाकुर एवं जितेन्द्र साह उपस्थित रहे।

### परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष बने हरि




**जरहागांव।** प्रदेश साहू समाज के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में साहू समाज के प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील साहू समाज के जरहागांव परिक्षेत्र का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से हरि साहू को परिक्षेत्रीय साहू समाज का अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही पुरुष दयाराम साहू उपाध्यक्ष, लक्ष्मीन माखन साहू उपाध्यक्ष महिला, बाला राम साहू संगठन सचिव पुरुष, ममता संतराम साहू महिला संगठन सचिव, शत्रुहान साहू सचिव व तरुण साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर भारत साहू, तुकाराम साहू, रामचंद्र साहू, राजेश साहू, उमेश साहू, रामकुमार साहू, सालिक साहू, माखन साहू, ओमप्रकाश साहू संजीव साहू, चंद्रकुमार साहू, सनत साहू, गोपेश्वर साहू इत्यादि उपस्थित रहे ।

## एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हुए विविध आयोजन

# पं. दीनदयाल ने किया राष्ट्रवाद के लिए जीवन न्यौछावर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं जीएसटी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधायक पुन्नूलाल मोहले, उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा, श्रीमती रिंकू चौरसिया एवं भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्य अभ्यागत उत्कृष्ट विधायक पंडरिया विधानसभा भावना बोहरा ने जनसंघ के संस्थापक व एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से सीखने एवं दिखाए मार्ग पर चलने की अपील करते हुए कहा कि दीनदयाल ने राष्ट्रवाद के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। वे समाज के अंतिम व्यक्ति को पहले प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलाने पर जोर दिया करते थे। उनके इसी सिद्धांत पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें केंद्र एवं राज्य में कार्य कर रही है। विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय ने दीन दुखियों के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने कार्य योजना बनाने की सोच के अनुरूप एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया है। प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री रिंकू चौरसिया ने जीएसटी विषय पर विस्तृत रूप से वस्तुवार कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने स्वागत भाषण दिय। संचालन जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा एवं कैलाश सिंह ने एवं आभार जिला भाजपा प्रवक्ता मिट्ठूलाल यादव ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री ऋतु चौरसिया, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, शान्ति देवचरन भाष्कर, नरेंद्र शर्मा, महामंत्री गुरमीत सलूजा, कैलाश सिंह, नपा अध्यक्ष लोरमी सुजीत वर्मा, नपं बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल, लोकनाथ सिंह, द्वारिका जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, मोहन भोजवानी, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला प्रवक्ता भाजपा मिट्ठू लाल भागीरथी यादव, संजय वर्मा, हरिशंकर वर्मा, रिंकू सिंह, मानस सिंह, रवि शर्मा, रमेश बुनकर सहित अन्य उपस्थित रहे।



संबोधित करती उत्कृष्ठ विधायक भावना बोहरा।

## पं दीनदयाल के सपनों को पूरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदीः दुबे

**गौरेला।** भारतीय जनता पार्टी जीपीएम की ओर से जनसंघ के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय गौरेला में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोरबा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी पं ज्योतिनंद दुबे थे एवं अध्यक्षता मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने की। पं दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि ज्योतिनंद दुबे ने कहा कि वे एक महान विचारक, राजनेता एवं पत्रकार थे। उन्होंने एकात्म मानववाद की अवधारणा प्रस्तुत की जो, समाज और व्यक्ति के समग्र विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण पर जोर देती है।

आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपनो को पूरा कर रहे हैं। मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि, नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म के तहत अब देश में सिर्फ दो टैक्स स्लैब 5 प्रतिशत एवम 18 प्रतिशत रहेंगे, जिससे रोजमर्रा की वस्तुयें या तो टैक्स फ्री होंगी या फिर सिर्फ 5 प्रतिशत के स्लैब में रहेंगी। जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव ने स्वागत भाषण दिया, जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामन्त्री किशन सिंग ठाकुर ने एवं आभार प्रदर्शन महामन्त्री कुबेर सिंग सर्राटी ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा, शरद गुप्ता, कल्लू सिंह राजपूत, रामजी श्रीवास, महेंद्र सोनी, द्वारिका सोनी, बृजलाल सिंह राठौर, डा. लुशनसिंग राठौर, नीरज जैन, राकेश दीक्षित, दयाचंद पोर्ते, बालकृष्ण अग्रवाल, रानू नामदेव, किशमिश भानू, गंगोत्री राठौर, तापस शर्मा, रमेश तिवारी, राजकुमार रोहणी, अजय तिवारी, अजय रजक, हेमचंद्र यादव, कमलेश यादव, राजकुमार पुरी, मथुरा प्रसाद सोनी, पवन पैकरा, मनीष श्रीवास, राजेशनंदिनी सिंह, राधा रैदास, पूर्णिमा पैकरा, राखी सिंह गहलोत, सरिता राठौर, कंचन सिंह, उमा कोशले, सिद्धार्थ दुबे, आदित्य गुप्ता, पंकज श्रीवास्तव, हुकुम यादव, केशव पांडे, शिव शर्मा, अजय राय, राममिलन सोनी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### पं दीनदयाल की जयंती पर कार्यक्रम



**मल्हार।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश तथा जिला नेतृत्व के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मंत्री राजकुमार साहू के नेतृत्व में मल्हार मंडल के नगर पंचायत मल्हार मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता राजकुमार साहू ने कहा कि, पं दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। एकात्म मानवतावाद तथा अंत्योदय के प्रणेता रहे पंडित जी ने हमें अन्तिम व्यक्ति की सुध लेने की प्रेरणा दी है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राजकुमार वर्मा और आभार मंडल महामंत्री रोहित कश्यप ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत मल्हार अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त, धर्मेन्द्र सिंह, झंडीराम साहू, बलराम यादव, पार्षद आशुतोष वर्मा, मिलु कैवर्त, मिथुन यादव, रामखिलावन यादव, राकेश पटेल, नरेन्द्र साहू, बिट्टू साहू, विमल कांत सहित सभी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### परमेश्वरी सरोवर में चला स्वच्छता अभियान व पौधरोपण



**तखतपुर।** एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत परमेश्वरी सरोवर में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान और पौधा रोपित किया गया। इस मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रत्येक बूथ में किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक ठाकुर, महामंत्री प्रीतम कश्यप, महामंत्री प्रमोद ठाकुर, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह, प्रियंका आहुजा, ईश्वर देवांगन, तिलक देवांगन, अंकित अग्रवाल, कैलाश देवांगन, शिव देवांगन, लव पांडेय, अश्वनी श्रीवास, मलय जहानी, टीकम कौशिक,,ज्ञान सिंह, माधो देवांगन, डाकेश कश्यप, सूरज रजक, दिर्गन कश्यप, अश्वनी श्रीवास, अजय यादव, शुभम पांडेय, सोहन, सूर्या कश्यप, जय दुबे उपस्थित रहे।

### जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**लोरमी।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित पूर्व शासकीय अस्पताल में किया गया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता विनय साहू ने कहा कि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति, समाज और आर्थिक नीतियों का संतुलित मार्ग बताया। उनका कहना था कि, राष्ट्र का विकास तभी संभव होगा, जब समाज के अंतिम छोर के कमजोर व्यक्ति भी आत्मनिर्भर होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को पूरे नगर पालिका के सभी वार्डो में जनमानस से सहयोग की चलाए जाने अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, वरिष्ठ पार्षद रिक्की सलूजा, महामंत्री सन्दीप सोनी, पार्षद उमेश ध्रुव, आलोक शिवहरे, पूर्व पार्षद सुरेश श्रीवास, मोटू गुप्ता सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकासखण्ड स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन समग्र शिक्षा मुंगेली में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक ओपी कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली जितेंद्र कुमार बावरे, बीआरसी समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, विकासखंड पीएलसी गणित एवं विज्ञान से सदस्यगण एवं वरिष्ठ शिक्षक सम्मिलित हुए।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। जिसमें कार्यक्रम के उद्देश्य उसकी रूपरेखा एवं नियमावली से सहभागियों को अवगत कराया गया एवं बेहतर परिणाम लाने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया गया। संकुल, क्लब संकुल स्तर से चयनित प्रतिभागी प्रत्येक क्लब संकुल से कक्षा 6 से 8 प्रथम स्थान प्राप्त गणित एवं विज्ञान कक्षा 9 से 12 प्रथम स्थान प्राप्त गणित एवं विज्ञान से पृथक-पृथक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रकार विकासखंड मुंगेली अंतर्गत 13 क्लब संकुल से चयनित छात्र-छात्राओं के द्वारा विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में 25 सितम्बर को उपस्थित देते हुए भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत चयनित विजेताओं को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अनुशंसित किया गया। इस प्रकार विकासखण्ड स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतियोगिता मुंगेली में वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालन अमिताभ शर्मा के द्वारा किया गया तथा बृजेश्वर मिश्रा रामेश्वर साहू, भगवान सिंह मांडवी नेमीचंद भास्कर, बलराज सिंह ठाकुर, उमेश साहू, निर्मल मानिकपुरी, जितेंद्र घृतलहरे, संजय शुक्ला, पीएलसी सदस्य दुर्गेश देवांगन, कृष्ण कुमार, रितेश पांडेय, श्रीवास मेडम, बी.आर.सी. स्टाफ, पालकगण एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की भूमिका अहम रही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक समग्र शिक्षा मुंगेली सूर्यकांत उपाध्याय के द्वारा करते हुए बच्चों को आगामी जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कर कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई।


प्रतियोगिता में शामिल शिक्षक।

### संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**लोरमी।** सेमरसल में संकुल स्तरीय विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल केन्द्र सेमरसल के पूमा शाला सेमरसल, औराबांधा एवं हरनाचाका के विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शामिल हुए। शास पूर्व माध्य शाला सेमरसल से गणित में नंदनी एवं राधिका, विज्ञान में परमेश्वरी एवं ममता, शास पूमा शाला औराबांधा से गणित में बेबी साहू एवं प्रशांत साहू, विज्ञान में प्रिंशी साहू, कल्याणी साहू एवं शास पूमा शाला हरनाचाका से गणित में नव्या पटेल, संजना मानिकपुरी विज्ञान में सृष्टि एवं मान्हवी बघेल ने प्रतियोगिता में भाग लिया। गणित में नव्या पटेल प्रथम एवं बेबी साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार विज्ञान में प्रिंशी साहू प्रथम स्थान एवं कल्याणी साहू द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को संकुल की ओर से उपहार स्वरूप पेन दिया गया। संकुल प्राचार्य दीपक ध्रुव ने कहा कि, इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास होता है।

## मवेशी परिवहन मामले में पकड़ी गई गाड़ियां होंगी राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में अवैध मवेशी परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मुंगेली की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मवेशी तस्करी में प्रयुक्त वाहन सीजी 4 एनयू 1900, सीजी 9 जेएफ 7521 और सीजी 4 जेसी 5756 को राजसात करने का आदेश जारी किया है। जांच में पाया गया कि वाहन मालिक प्रेमलाल साहू, निवासी शीतलनगर, सिवनी, रायपुर का यह ट्रक बार-बार अवैध मवेशी परिवहन में प्रयुक्त किया जा रहा था। मवेशियों की अमानवीय हालत को देखते हुए प्रकरण में छत्तीसगढ़ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह गौशाला के पास संदिग्ध हालत में पशु ले जाते पकड़े गए वाहन सीजी 4 जेसी 5756 के मामले में मवेशियों की दुर्दशा की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई थी, जिसमें वाहन मालिक सलीम खान, निवासी ग्राम खरोरा, जिला रायपुर को नोटिस जारी किया गया था लेकिन उन्होंने उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया। जिस पर उक्त वाहन को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है। इसी प्रकार एक वाहन सीजी 9 जेएफ 7521 में संदिग्ध रूप से मवेशी भरकर ले जा रहे थे, जिस पर छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत वाहन मालिक राजेश पटेल के खिलाफ कार्रवाई की गई है और वाहन को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है। आदेशानुसार वाहनों का मूल्यांकन कर प्राप्त राशि शासन के राजस्व में जमा कराई जाएगी।

## सेवा पखवाड़ा के तहत की साफ सफाई

# स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक सोचः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभागों द्वारा 2 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में एक घंटा एक साथ की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जिले के दाउपारा स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, श्रमदान कर मुक्तिधाम में साफ-सफाई की और आमजनों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और सफाई के प्रति जागरूक किया।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता को सभी नागरिकों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा, स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि सोच और जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि वे अपने घर, गली, मोहल्ला, गांव और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। पुलिस अधीक्षक ने आमजनों को अपने आसपास सफाई रखने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से हमारा शरीर बीमारियों से दूर रहते हैं और कई प्रकार के रोग एवं विकारों से भी मुक्त होते हैं। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जब हम सभी स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाएंगे, तो विशेष अभियानों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इस दौरान कलेक्टर ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, गंदगी नहीं करने तथा दूसरों को भी गंदगी करने से रोकने आदि की शपथ दिलाई और अपने आसपास सफाई रखने जागरूक रहने प्रेरित किया। साथ ही सफाई कर्मचारियों को शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मनित किया। अभियान के दौरान सिग्नेचर ड्राइव का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता का संदेश लिखकर जनभागीदारी का संदेश दिया।


स्वच्छता अभियान में जुटे कलेक्टर, एसपी एवं जनप्रतिनिधि।

### सब्बो बर होम्योपैथी अभियान का शुभारंभ



सब्बो बर होम्योपैथी अभियान का शुभारंभ करते विधायक।

**मुंगेली।** जिले के निवासियों को घर बैठे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, होम्योपैथी सब्बो बर होम्योपैथी सबके लिए नामक एक महत्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह पहल प्रभारी होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुंजन तिवारी द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव के कुशल मार्गदर्शन में शुरू की गई है।

इस अभियान का लक्ष्य मुंगेली के हर घर तक होम्योपैथिक चिकित्सा को पहुंचाना और लोगों को इस पद्धति के लाभों से अवगत कराना है। इस अभियान के तहत एक विशेष औषधि कीट तैयार की गई है, जिसमें सामान्य बीमारियों के लिए उपयोगी दवाईयां शामिल हैं। यह किट लोगों को छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए तुरंत राहत प्रदान करेगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ होम्योपैथी के प्रति लोगों में जागरूकता और विश्वास बढ़ाना है। अभियान का शुभारंभ आज 25 सितंबर को मुंगेली के विधायक पुन्नूलाल मोहले ने किया। विधायक मोहले को पहली औषधि किट भेंट की गई, जिसके बाद उन्होंने इस पहल की जमकर सराहना की। उइस अवसर पर गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, अमितेश विजु आर्य, शुभम चौरसिया, रामशरण यादव, लोकनाथ सिंह, करण सिंह ठाकुर और राजहंस तंबोली शामिल थे। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को यह विशेष औषधि किट वितरित की गई।